राष्ट्रीय दैनिक

# प्रातः किरण

दिल्ली एवं पटना से प्रकाशित

हर खबर पर पकड़

/Pratahkiran /Pratahkiran /Pratahkiran





11 इंग्लैंड के सबसे महान बल्लेबाज हैं जो रूट ...

44 की उम्र में भी रोहन बोपन्ना का कोई जवाब नही ... 11

वर्ष : 15 | अंक : 142 | नई दिल्ली, सोमवार, 02 सितंबर, 2024 | विक्रम संवत् 2081 | पेज : 12 | मूल्य ₹ : 03.00 | www.pratahkiran.com

**मौसम**

अधिकतम तापमान 31°C

न्यूनतम तापमान 26.0°C

| | |
|---|---|
| हां | 30% |
| नहीं | 50% |
| कह नहीं सकते | 10% |

**बाजार**

| | |
|---|---|
| सोना | 71,105 |
| चांदी | 91,700 |
| सेंसेक्स | 78,886 |
| निफ्टी | 24,117 |

# भारत अब 64 में से 45 तकनीक के लिए शीर्ष 5 देशों में शामिल, चीन टॉप पर

## पिछले साल 37वें नंबर से भारत को तकनीक के मामले में बढ़त हासिल, भारत 64 में से सात प्रौद्योगिकियों में अमेरिका को पछाड़ दूसरे स्थान पर

प्रात : किरण

नई दिल्ली/एजेंसी। भारत अब 64 में से 45 प्रौद्योगिकियों के लिए शीर्ष 5 देशों में शामिल हो गया है। पिछले साल भारत 37वें नंबर पर था लेकिन एक साल के भीतर तकनीक के मामले में भारत को यह बढ़त हासिल हुई है। भारत ने 2 नई प्रौद्योगिकियों में दूसरे स्थान पर रहने वाले अमेरिका को पछाड़ दिया है तथा 64 में से सात प्रौद्योगिकियों में दूसरे स्थान पर है। इतना ही नहीं, भारत ने सात प्रौद्योगिकियों में दूसरा स्थान हासिल किया है। क्रिटिकल टेक्नोलॉजी ट्रैकर रिपोर्ट के अनुसार भारत ने 2023 में तकनीकी अनुसंधान के दो उभरते क्षेत्रों जैविक विनिर्माण और वितरित खाता बही प्रौद्योगिकी में दूसरे स्थान पर दावा करने के लिए अमेरिका को पीछे छोड़ दिया। कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) के तेजी से विकसित हो रहे क्षेत्र में भारत उन्नत डेटा एनालिटिक्स, एआई एल्गोरिदम, हार्डवेयर एक्सेलेरेटर, मशीन लर्निंग, उन्नत एकीकृत



सर्किट डिजाइन और निर्माण, प्राकृतिक भाषा प्रसंस्करण और प्रतिकूल एआई सहित विभिन्न प्रमुख क्षेत्रों में अमेरिका और चीन से पीछे है। रिपोर्ट के अनुसार यह 2003-2007 की तुलना में एक बड़ी छलांग है, जब भारत केवल चार प्रौद्योगिकियों के लिए शीर्ष पांच में था। ट्रैकर अंतरिक्ष, रक्षा, ऊर्जा, पर्यावरण, एआई, रोबोटिक्स, जैव प्रौद्योगिकी, साइबर सुरक्षा, उन्नत कंप्यूटिंग, उन्नत सामग्री और क्वांटम प्रौद्योगिकी सहित कई क्षेत्रों में महत्वपूर्ण प्रौद्योगिकियों को कवर करता है। यह विशेष रूप से 2003 से 2023 तक के डेटा को संकलित करने के साथ ही उच्च-प्रभाव वाले शोध को ट्रैक करता है, जिसे किसी देश के शोध प्रदर्शन, रणनीतिक लक्ष्यों और भविष्य की तकनीकी क्षमता के संकेतक के रूप में सबसे अधिक उद्धृत पत्रों के शीर्ष 10 प्रतिशत के रूप में परिभाषित किया गया है। रिपोर्ट में बताया गया है कि 64 महत्वपूर्ण प्रौद्योगिकियों में से 57 में आगे रहने पर चीन वैश्विक शोध चार्ट में सबसे ऊपर है। 2003 और 2007 के बीच अमेरिका 60 प्रौद्योगिकियों में अग्रणी था, अब केवल सात क्षेत्रों (2019-2023 रैंकिंग के आधार पर) में शीर्ष स्थान रखता है, जिसमें क्वांटम कंप्यूटिंग और वैक्सीन और चिकित्सा प्रतिवाद शामिल हैं। ब्रिटेन की स्थिति में भी गिरावट आई है, अब यह 37 प्रौद्योगिकियों में शीर्ष पांच में है, जबकि पिछले साल यह 44 प्रौद्योगिकियों में था। एक गुट के रूप में गिने जाने वाले यूरोपीय संघ दो क्षेत्रों छोटे उपग्रह और गुरुत्वाकर्षण बल सेंसर में अग्रणी और 30 में दूसरे स्थान पर है। जर्मनी 27 प्रौद्योगिकियों के लिए शीर्ष पांच में रहकर मजबूत बना हुआ है।

राष्ट्रपति ने सर्वोच्च न्यायालय द्वारा आयोजित राष्ट्रीय जिला न्यायपालिका सम्मेलन को किया संबोधित

# लंबित मामलों की संख्या न्यायपालिका के सामने एक बड़ी चुनौती : राष्ट्रपति

## न्यायाधीश और न्यायिक अधिकारी धर्म, सत्य और न्याय का करें सम्मान

प्रात : किरण

नई दिल्ली/एजेंसी। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने रविवार को नई दिल्ली में भारत के सर्वोच्च न्यायालय द्वारा आयोजित दो दिवसीय राष्ट्रीय जिला न्यायपालिका सम्मेलन के समापन सत्र में भाग लिया। उन्होंने इस अवसर पर सर्वोच्च न्यायालय के ध्वज और प्रतीक चिन्ह का अनावरण भी किया। समारोह को संबोधित करते हुए राष्ट्रपति ने कहा कि अपनी स्थापना के बाद से ही भारत के सर्वोच्च न्यायालय ने दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र की न्यायिक प्रणाली के सजग प्रहरी के रूप में अपना अमूल्य योगदान दिया है। सर्वोच्च न्यायालय के कारण भारतीय न्यायशास्त्र का स्थान बहुत सम्मानजनक रहा है।

उन्होंने भारतीय न्यायपालिका से जुड़े सभी वर्तमान और पूर्व लोगों के योगदान की सराहना की। उन्होंने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि अपनी स्थापना के 75 वर्ष पूरे होने पर सर्वोच्च न्यायालय ने अनेक कार्यक्रम आयोजित किए हैं, जिनसे लोगों का हमारी न्यायिक प्रणाली के प्रति विश्वास और लगाव बढ़ा है। राष्ट्रपति ने कहा कि न्याय के प्रति आस्था और श्रद्धा की भावना हमारी परंपरा का हिस्सा रही है। उन्होंने पिछले अवसर पर अपने संबोधन का उल्लेख करते हुए दोहराया कि लोग देश के प्रत्येक न्यायाधीश को भगवान मानते हैं। हमारे देश के प्रत्येक न्यायाधीश और न्यायिक अधिकारी का नैतिक दायित्व है कि वे धर्म,





सत्य और न्याय का सम्मान करें। जिला स्तर पर यह नैतिक दायित्व न्यायपालिका का प्रकाश स्तंभ है। जिला स्तर की अदालतें करोड़ों नागरिकों के मन में न्यायपालिका की छवि निर्धारित करती हैं। इसलिए जिला अदालतों के माध्यम से लोगों को संवेदनशीलता और तत्परता के साथ कम खर्च पर न्याय दिलाना ही हमारी न्यायपालिका की सफलता का आधार है।

राष्ट्रपति ने कहा कि हाल के वर्षों में जिला स्तर पर न्यायपालिका की अवसंरचना, सुविधाओं, प्रशिक्षण और मानव संसाधनों की उपलब्धता में उल्लेखनीय सुधार हुआ है। लेकिन, इन सभी क्षेत्रों में अभी भी बहुत कुछ किया जाना बाकी है। उन्हें विश्वास है कि सुधार के सभी आयामों पर तेजी से प्रगति जारी रहेगी। राष्ट्रपति ने कहा कि लंबित मामलों की संख्या न्यायपालिका के सामने एक बड़ी चुनौती है।

**लंबित मामलों के गंभीर मुद्दे पर विचार करने की आवश्यकता :** उन्होंने 32 वर्षों से अधिक समय तक लंबित मामलों के गंभीर मुद्दे पर विचार करने की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि विशेष लोक अदालत सप्ताह जैसे कार्यक्रमों का अधिक आवृत्ति के साथ आयोजन किया जाना चाहिए। इससे लंबित मामलों से निपटने में मदद मिलेगी।

सभी हितधारकों को इस समस्या को प्राथमिकता देकर इसका समाधान निकालना होगा। उन्हें यह जानकर खुशी हुई कि इस सम्मेलन के एक सत्र में मुकदमों के प्रबंधन से संबंधित कई पहलुओं पर चर्चा की गई। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि इन चचार्ओं से व्यावहारिक परिणाम सामने आएंगे। राष्ट्रपति ने कहा कि हमारा संविधान पंचायतों और नगरपालिकाओं के माध्यम से स्थानीय स्तर पर विधायी और कार्यकारी निकायों की शक्ति और जिम्मेदारियों का प्रावधान करता है। उन्होंने पूछा कि क्या हम स्थानीय स्तर पर इनके समतुल्य न्याय प्रणाली के बारे में सोच सकते हैं। उन्होंने कहा कि स्थानीय भाषा और स्थानीय परिस्थितियों में न्याय प्रदान करने की व्यवस्था करने से न्याय को हर किसी के घर तक पहुंचाने के आदर्श को प्राप्त करने में मदद मिल सकती है।

राष्ट्रपति ने कहा कि हमारी न्यायपालिका के सामने कई चुनौतियां हैं, जिनके समाधान के लिए सभी हितधारकों द्वारा समन्वित प्रयासों की आवश्यकता होगी। उदाहरण के लिए, साक्ष्य और गवाहों से संबंधित मुद्दों का समाधान खोजने के लिए न्यायपालिका, सरकार और पुलिस प्रशासन को मिलकर काम करना चाहिए।

राष्ट्रपति ने कहा कि जब दुष्कर्म जैसे जघन्य अपराध में अदालती फैसले एक पीढ़ी बीत जाने के बाद आते हैं, तो आम आदमी को लगता है कि न्यायिक प्रक्रिया में संवेदनशीलता का अभाव है। उन्होंने कहा कि यह हमारे सामाजिक जीवन का एक दुखद पहलू है कि कुछ मामलों में, साधन संपन्न लोग अपराध करने के बाद भी बेखौफ और खुलेआम घूमते रहते हैं। जो लोग अपराधों के पीड़ित होते हैं, वे इस डर में जीते हैं जैसे उन गरीबों ने ही कोई अपराध किया हो।

# केसी त्यागी ने जदयू के राष्ट्रीय प्रवक्ता पद से दिया इस्तीफा

## पार्टी के सीनियर नेता राजीव रंजन संभालेंगे जिम्मेदारी



प्रात : किरण

नई दिल्ली/एजेंसी। बिहार की सत्ता में काबिज जनता दल युनाइटेड के वरिष्ठ नेता केसी त्यागी ने पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता पद से इस्तीफा दे दिया है। पार्टी की तरफ से राजीव रंजन प्रसाद को यह जिम्मेदारी दी गई है। केसी त्यागी ने निजी कारणों का हवाला देते हुए अपने पद को इस्तीफा दिया है। जदयू नेता ने पद छोड़ते हुए कहा कि अपने निजी व्यस्तता के कारण मैं पार्टी के प्रवक्ता के पद के साथ न्याय नहीं कर पा रहा हूँ। लिहाजा आज मुझे इस जिम्मेदारी से मुक्त करने का कष्ट करें। हालांकि, मैं समय समय पर बिहार सरकार की उपलब्धियों के लिए प्रचार-प्रसार के लिए हमेशा उपलब्ध रहूंगा। जदयू के महासचिव आफाक अहमद खान ने पत्र जारी कर इसकी सूचना देते हुए बताया है कि पार्टी ने उनका इस्तीफा स्वीकार कर लिया है।

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के निर्देश पर उनकी जगह दूसरे नेता को यह जिम्मेदारी दी गई है। जदयू की तरफ से जारी पत्र में कहा गया है कि -जनता दल यूनाइटेड के राष्ट्रीय अध्यक्ष, नीतीश कुमार ने राजीव रंजन प्रसाद को पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता के पद पर नियुक्त किया है। केसी त्यागी ने निजी कारणों से पार्टी के प्रवक्ता पद से इस्तीफा दे दिया है। केसी त्यागी के इस्तीफा देने के मुद्दे पर जदयू के सूत्रों के अनुसार, वह कई मुद्दों पर पार्टी से अलग लाइन ले रहे थे। जिसमें सुप्रीम कोर्ट के फैसले के बाद एससी-एसटी आरक्षण का मुद्दा, इजरायल-फिलिस्तीन का मुद्दा शामिल है, जहां उन्होंने विपक्षी गठबंधन के नेताओं के साथ थे। केसी त्यागी ने जून महीने के बाद से एक के बाद एक कई ऐसे बयान दिए हैं जिसे लेकर कहा जा रहा है कि उन्होंने पार्टी लाइन से अलग जाकर टिप्पणी की। इससे भाजपा और जदयू में एनडीए में तनातनी वाली स्थिति भी बनी। 4 जून को आए लोकसभा चुनाव परिणाम के बाद 6 जून को केसी त्यागी ने कहा कि बीजेपी को बिना शर्त सपोर्ट करने को जदयू तैयार है लेकिन बिहार को विशेष राज्य का दर्जा मिले और अग्निवीर योजना की समीक्षा हो। उसके दो दिन बाद 8 जून 2024 को उन्होंने कहा कि इंडिया ब्लॉक की तरफ से नीतीश कुमार को पीएम पद का ऑफर आया था। इंडिया के इस ऑफर को सीएम नीतीश ने ठुकरा दिया। हालांकि माना गया कि मोदी सरकार के गठन के ठीक पहले केसी त्यागी का यह बयान एनडीए में भाजपा- जदयू के कई नेताओं को नागवार गुजरा। वहीं लैटरल एंट्री, यूनिफॉर्म सिविल कोड, वक्फ बिल और एससी, एसटी आरक्षण पर सुप्रीम कोर्ट के फैसले को लेकर भी केसी त्यागी ने पार्टी लाइन से अलग बयान जारी किए थे।

### पूर्व मंत्री श्याम रजक की जदयू में घरवापसी, सीएम से मिलें

राजद के राष्ट्रीय महासचिव एवं पूर्व मंत्री श्याम रजक ने रविवार को प्रदेश कार्यालय पटना में आयोजित मिलन समारोह में जनता दल यू का दामन थामा। पार्टी के कार्यकारी राष्ट्रीय अध्यक्ष सह राज्यसभा सांसद संजय कुमार झा एवं प्रदेश अध्यक्ष उमेश सिंह कुशवाहा ने उन्हें पार्टी की प्राथमिक सदस्यता दिलाई। इस मौके पर संजय कुमार झा ने कहा कि श्याम रजक जमीन से जुड़े हुए नेता रहे है और उन्होंने हमेशा समाज के शोषित और वंचित वर्ग के हित में अपनी आवाज को बुलंद किया है। श्री श्याम रजक ने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने तमाम महापुरुषों के सपनों को धरातल पर उतारने का काम किया है और विगत 19 वर्षों के शासन में उन्होंने प्रदेश की तस्वीर बदली है। हमें एकजुट होकर नीतीश कुमार के विकासवादी सोच को मंजिल तक पहुंचाना है और राज्य के गरीब-गुरबों को समाज के मुख्यधारा से जोड़ना है। साथ ही उन्होंने कहा कि राजद का समाजवाद अब भ्रष्टाचार और परिवारवाद में तब्दील हो चुका है। जदयू में घर वापसी के बाद पूर्व मंत्री श्याम रजक ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार से मुलाकात की।

## संक्षिप्त खबरें

### प्रधानमंत्री के खिलाफ अभद्र टिप्पणी करने का आरोपी गिरफ्तार

मुजफ्फरनगर। उत्तर प्रदेश के मुजफ्फरनगर में सोशल मीडिया पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणी करने के आरोप में एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस क्षेत्राधिकारी राजकुमार साव ने रविवार को बताया कि सोशल मीडिया पर प्रधानमंत्री मोदी के खिलाफ अभद्र टिप्पणी करने के आरोप में विशाल नामक व्यक्ति को शनिवार शाम पुरकाजी थाना क्षेत्र के खैखेरी गांव से गिरफ्तार किया गया। उन्होंने बताया कि विशाल ने सार्वजनिक हुए एक वीडियो को लेकर अभद्र टिप्पणी की थी। उसके खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की सुसंगत धाराओं में मामला दर्ज किया गया है।

### पटना में एक व्यक्ति ने पत्नी और साली को गोली मारकर की आत्महत्या

पटना। बिहार में पटना जिले के पंडारक थाना क्षेत्र में रविवार की सुबह एक व्यक्ति ने अपनी पत्नी और साली को गोली मारने के बाद गोली मारकर आत्महत्या कर ली। पुलिस सूत्रों ने यहां बतााया कि बिहारीबीघा गांव में दीपक कुमार 28 वर्ष ने घरेलू विवाद में अपनी पत्नी लक्ष्मी देवी 24 वर्ष और साली गुड़िया कुमारी को गोली मार दी। इस घटना में लक्ष्मी देवी की मौत हो गयी जबकि गुड़िया गंभीर रूप से घायल हो गयी। इसके बाद दीपक ने गोली मारकर आत्महत्या कर ली। सूत्रों ने बताया कि घायल महिला को स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया गया है। दीपक कुमार नालंदा जिले के बिहारशरीफ का रहने वाला था। वह दो महीना से बिहारीबीघा गांव स्थित अपने ससुराल में रह रहा था। दीपक कुमार अपनी पत्नी को अपने घर चलने को कहता था लेकिन उसकी पत्नी जाने को तैयार नहीं थी। इसी आक्रोश में दीपक ने पत्नी और साली को गोली मार दी और फिर गोली मारकर आत्महत्या कर ली। मौके से हथियार और खोखा बरामद किया गया है। शवों को पोस्टमॉर्टम के लिये भेज दिया गया है। मामले की छानबीन की जा रही है।

### बेगूसराय में केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह पर हमला करने वाला हिरासत में

बेगूसराय। बिहार के बेगूसराय के बलिया में भाजपा सांसद और केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह पर पर हमला किया गया। जनता दरबार खत्म कर हॉल से निकलने के दौरान एक युवक ने उन पर हमला कर दिया। दरअसल, गिरिराज सिंह बेगूसराय के बलिया में जनता दरबार में लोगों की समस्याओं को सुनने गए थे। जनता दरबार के बाद जब वह वहां से निकल रहे थे, तो एक युवक ने उन पर हमला कर दिया। पुलिस ने हमलावर को तत्काल हिरासत में ले लिया और मामले की जांच शुरू की। इस घटना के बाद राजनीतिक हलकों में हड़कंप मच गया। पुलिस और अधिकारियों ने गिरिराज सिंह को सुरक्षा घेरे में ले लिया और उन्हें आगे की यात्रा पर रवाना किया। गिरिराज सिंह ने इस घटना को दुखद बताया और कहा कि आरोपी का चेहरा देखने के बाद विपक्षी नेता तेजस्वी और अखिलेश उसके समर्थन में उतर सकते हैं। उन्होंने कहा कि वह ऐसे लोगों से नहीं डरते हैं। राहुल गांधी, तेजस्वी और अखिलेश यादव वोट के सौदागर हैं और ऐसे लोगों को बचाने के लिए हमेशा आगे आते हैं। सूत्रों ने बताया कि गिरिराज सिंह जनता दरबार में लोगों की समस्याएं सुन रहे थे। इसी बीच सफेद टोपी पहना एक युवक वहां पहुंचा और उनके पास जाकर ऊल जलूल बातें बोलने लगा।

### बंदूक फैक्ट्री का भंडाफोड़, सात गिरफ्तार

पटना। बिहार पुलिस ने बक्सर जिले के एक गांव में चल रही एक बंदूक फैक्ट्री का भंडाफोड़ किया है और फैक्ट्री संचालन में शामिल सात लोगों को गिरफ्तार किया है। अधिकारियों ने रविवार को यह जानकारी दी। भोजपुर के एसपी प्रमोद कुमार यादव के अनुसार, गांव में फैक्ट्री का संचालन लंबे समय से चल रहा था। यादव ने कहा, हमें बंदूक फैक्ट्री के बारे में सूचना मिली, जो नया भोजपुर थाना के अंतर्गत चंदा गांव में वीरेंद्र कुमार श्रीवास्तव के घर में चल रही थी। इसके बाद मामले की जांच के लिए डुमरांव के एसडीपीओ आफाक अख्तर अंसारी के नेतृत्व में एक विशेष टीम का गठन किया गया। टीम ने परिसर पर छापेमारी की। इस दौरान, सात आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। हालांकि, कुछ लोग अंधेरे का फायदा उठाकर भागने में सफल रहे। छापेमारी के दौरान भोजपुर पुलिस ने एक पिस्टल, 35 टाइगर प्लेट, 36 कॉर्क रॉड, 33 बैरल, 20 बट, तीन ड्रिल मशीन, एक लेथ मशीन, एक ग्राइंडर और तीन मोबाइल फोन बरामद किये।

### जीवन में विफलता से कभी न डरें, यह सफलता की ओर एक कदम है : उपराष्ट्रपति

प्रात : किरण

देहरादून/एजेंसी। उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने रविवार को कहा कि हमेशा राष्ट्रीयहित को प्राथमिकता दें, भारत माता आपका इंतजार कर रही है। राष्ट्र का भविष्य आपके कंधों पर है। जिंदगी की जंग लड़ने के लिए खुद में साहस और ज्ञान विकसित करनी होगी। जो लोग चुनौती का सामना करने में जोखिम उठाते हैं, वही साहस, पहल और नेतृत्व करते हैं। उपराष्ट्रपति धनखड़ ने रविवार को देहरादून स्थित राष्ट्रीय भारतीय सैन्य महाविद्यालय के कैडेट्स को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि जीवन में कभी विफलता से न डरें, यह सफलता की ओर एक कदम है। डर की भावना आपकी प्रतिभा के उपयोग और आपके संभावनाओं की वास्तविकता में बाधा डालती है। हमेशा याद रखें कि डर हमारे विकास की यात्रा का आवश्यक हिस्सा है। चंद्रयान मिशन की सफलता की कहानी का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि ऐतिहासिक चंद्रयान मिशन को याद करें! चंद्रयान 2 आंशिक रूप से सफल हुआ लेकिन पूरी तरह से नहीं। कुछ के लिए यह विफलता थी और समझदार लोगों के लिए यह सफलता की ओर एक कदम था। पिछले वर्ष 23 अगस्त को चंद्रयान 3 ने चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव पर लैंड किया और भारत इस उपलब्धि को हासिल करने वाला पहला राष्ट्र बन गया।

# इंडिगो की फ्लाइट को बम से उड़ाने की धमकी, आपात लैंडिंग

प्रात : किरण

जबलपुर। मध्य प्रदेश के जबलपुर से हैदराबाद जा रही इंडिगो के विमान की नागपुर एयरपोर्ट पर इमरजेंसी लैंडिंग करानी पड़ी। इंडिगो एयरलाइन के अनुसार विमान को बम से उड़ाने की धमकी मिली थी। एयरपोर्ट पर बम और डॉग स्क्वाड सहित सुरक्षा एजेंसियों के अधिकारी भी पहुंचे हैं और जांच में जुटे हुए हैं। सीआईएसएफ के अलावा महाराष्ट्र पुलिस भी मौजूद है। जबलपुर के डुमना एयरपोर्ट पर भी अधिकारी पहुंचें। सीआईएसएफ के अलावा महाराष्ट्र पुलिस भी मौजूद है। हालांकि, कंपनी ने बताया कि कुछ देर बाद ही विमान नागपुर से हैदराबाद के लिए रवाना हुआ। अधिकारियों के अनुसार, जबलपुर के डुमना एयरपोर्ट से रविवार सुबह 8 बजे इंडिगो की फ्लाइट 6ई 7308 ने हैदराबाद के लिए उड़ान भरी थी। इसे 9:40 बजे हैदराबाद में उतरना था लेकिन इससे पहले ही 9:10 बजे फ्लाइट को नागपुर एयरपोर्ट पर लैंड कराया गया। इंडिगो की मैनेजर हिना खान ने बताया कि विमान में 69 यात्री और 4 क्रू मेंबर सवार हैं। जबलपुर से उड़ान भरने के कुछ समय बाद क्रू में शामिल ज्योतिस्मिता सैकिया वॉशरूम गई।

**पैकेज** पिंडदान के साथ कर पितरों सकते हैं बोधगया, नालंदा, राजगीर का भम्रण

# पितृपक्ष मेले को लेकर पर्यटन विभाग ने जारी किया टूर पैकेज

प्रात : किरण

पटना। आगामी 17 पितरों के मोक्ष के लिए प्रसिद्ध धर्म नगरी गया में हर वर्ष के भाँति इस वर्ष भी पितृपक्ष मेला का आयोजन किया जायेगा। इस मेला की शुरूआत 17 सितंबर से की जायेगी। गया में पितरों की मोक्ष प्राप्ति के लिए पवित्र फल्गु नदी में पिंडदान करने की परंपरा सैकड़ों वर्षों से चलती आ रही हैं। हर साल करीब लाखों की संख्या में श्रद्धालु यहां अपने पितरों के पिडदान करने के लिए आते हैं। अब इसी कड़ी में बिहार राज्य पर्यटन निगम ने गया में पिंडदान करने आने वाले श्रद्धालुओं के लिए पांच अलग-अलग टूर पैकेज जारी किया है। श्रद्धालु यदि चाहें तो पिंडदान करने के बाद बोधगया, नालंदा, राजगीर का भम्रण भी कर सकते हैं। गया में पिंडदान कराने के बाद बोधगया, राजगीर, नालंदा का





भ्रमण भी कराया जाएगा। ये पैकेज एक रात और दो दिनों का होगा। पैकेज में ठहरने से लेकर आने-जाने, भोजन और पूजा के लिए पंडित और पूजन सामग्री समेत सभी सुविधाएं शामिल हैं। प्रथम कैटेगरी में एक व्यक्ति का शुल्क 21,100 रुपये, दो व्यक्तियों का 21,700 और चार व्यक्तियों का 40,700 रुपये है। कैटेगरी टू में एक व्यक्ति का 19,950 रुपये, दो व्यक्ति 20,600 रुपये और चार व्यक्तियों का 38,500 रुपये शुल्क है। कैटेगरी थ्री में एक व्यक्ति का 18,850 रुपये, दो व्यक्तियों का 19,500 रुपये और चार व्यक्तियों का 36,250 रुपये शुल्क है। इसी तरह पटना-पुनपुन और गया-पटना एक दिन का पैकेज तीन कैटेगरी हैं। कैटेगरी वन में एक व्यक्ति का शुल्क 16 हजार 650 रुपए है। दो व्यक्ति का 17 हजार 300 रुपए और चार व्यक्तियों का 30 हजार 650 रुपए है। कैटेगरी टू में एक व्यक्ति का शुल्क 15 हजार 550 रुपये, दो व्यक्तियों का 16 हाजर 200 रुपए और चार व्यक्तियों का 28 हजार 450 रुपए है। कैटेगरी थ्री में एक व्यक्ति का शुल्क 14 हजार 450 रुपए और दो व्यक्तियों का 15 हजार 100 रुपये व चार व्यक्तियों का 26 हजार 250 रुपए निर्धारित है। एक दिन का गया के लिए पैकेज में एक व्यक्ति का 13 हजार 450 रुपये, दो व्यक्तियों का 14 हजार 150 रुपये और चार व्यक्तियों का 25 हजार 250 रुपये शुल्क है।

दूसरी कैटेगरी में एक व्यक्ति का 12 हजार 400 रुपये, दो व्यक्तियों का 13 हजार 50 रुपये और चार व्यक्तियों का 23 हजार 50 रुपये है। कैटेगरी थ्री में एक व्यक्ति का 11 हजार 250 रुपये, दो व्यक्तियों का 11 हजार 950 रुपये और चार व्यक्तियों का 20 हजार 850 रुपए है। गया का एक रात और दो दिन वाले पैकेज के कैटेगरी वन में एक व्यक्ति का शुल्क 20 हजार 400 रुपए, दो व्यक्तियों का 21 हजार 750 रुपए और चार व्यक्तियों का शुल्क 39 हजार 500 रुपए है। दूसरे कैटेगरी में एक व्यक्ति के लिए 18 हजार 200 रुपए, दो व्यक्तियों के लिए 19 हजार 550 रुपए और चार व्यक्तियों के लिए 35 हजार 100 रुपए है। तीसरे कैटेगरी में एक व्यक्ति का 16 हजार रुपए, दो व्यक्तियों का 17 हजार 300 रुपए और चार व्यक्तियों के लिए 30 हजार 650 रुपए है। बता दे कि कुछ दिन पहले ही बिहार राज्य पर्यटन निगम द्वारा एक नया नियम बनाया गया था। इस नियम के मुताबिक कोई श्रद्धालु अगर विदेश में रह रहे है। और वे अपने पितरों के पिंडदान करने नही आ सकते। उन श्रद्धालुओं के लिए बिहार राज्य पर्यटन निगम के तरफ से ई-पिंडदान की सुविधा भी दी गई थी। ई-पिंडदान के लिए 23 हजार रुपये का एक पैकेज बनाया गया था। जिसमें पिंडदान की सामग्री, पूजन सामग्री, ब्राह्मण का दक्षिणा और अन्य खर्च समाहित है।



मुख्यमंत्री नीतीश कुमार से जदयू की सदस्यता ग्रहण करने के बाद पूर्व मंत्री श्याम रजक और जद यू के नव नियुक्त राष्ट्रीय प्रवक्ता राजीव रंजन प्रसाद ने 1 अणे मार्ग स्थित मुख्यमंत्री आवास पहुंचकर शिष्टाचार मुलाकात की। इस दौरान पार्टी के कार्यकारी राष्ट्रीय अध्यक्ष संजय झा, जल संसाधन मंत्री विजय कुमा चौधरी, विधान पार्षद ललन कुमार सर्राफ, विधान पार्षद संजय कुमार सिंह उर्फ गांधी जी मौजूद रहे।

देश दुनिया की ताजा तरीन खबरें पढ़ने के लिए लॉग ऑन करें
@Pratahkiran www.pratahkiran.com

राष्ट्रीय दैनिक प्रातःकिरण
नई दिल्ली, सोमवार, 02 सितम्बर, 2024



## संक्षिप्त समाचार

### राजपाल के हत्यारे को आजीवन कारावास की सजा

**काशीपुर, एजेंसी।** प्रथम अपर सत्र न्यायाधीश की अदालत ने राजपाल हत्याकांड के एक दोषी को आजीवन कारावास और 20 हजार रुपये के अर्थदंड से दंडित किया है। एक आरोपी को साक्ष्यों के अभाव में बीते दिनों दोषमुक्त कर दिया गया था। जसपुर के ग्राम पतरामपुर निवासी राम सिंह ने 19 मई 2017 को जसपुर कोतवाली में केस दर्ज कराया था। इसमें कहा कि उसका बेटा राजपाल सिंह उर्फ राजू 18 मई 2017 की रात लगभग साढ़े आठ बजे घर के बाहर किसी से बात कर रहा था। इसी दौरान बाइक से नरेंद्र उर्फ नंदा और बबलू निवासीगण ग्राम पतरामपुर आए। दोनों राजपाल सिंह को गालियां देते हुए उसके साथ मारपीट करने लगे। आसपास के लोगों ने मौके पर पहुंचकर बीचबचाव करा दिया। राजपाल हमलावरों से बच कर जैसे ही अपने चाचा रमेश के घर के पास पहुंचा तो आरोपियों ने जान से मारने की मंशा से उसके बेटे पर चाकू से ताबड़तोड़ वार कर उसे लहूलुहान कर दिया। सरकारी अस्पताल जसपुर के चिकित्सकों ने बेटे को मृत घोषित कर दिया था। एडीजे (प्रथम) रीतेश कुमार श्रीवास्तव की अदालत ने दोनों पक्ष के अधिवक्ताओं की बहस और तर्कों को सुना। साथ ही साक्ष्यों का परिशीलन करने के बाद आरोपी बबलू को साक्ष्य के अभाव में 24 अगस्त को दोष मुक्त कर दिया। मुख्य आरोपी नरेंद्र की सजा का फैसला 29 अगस्त तक के लिए सुरक्षित रखा था। बृहस्पतिवार को एडीजे (प्रथम) की अदालत ने फैसला सुनाते हुए राजपाल के हत्यारोपी नरेंद्र को आजीवन कारावास सजा सुनाई। साथ ही 20 हजार रुपये अर्थदंड से दंडित किया। अर्थदंड अदा नहीं करने पर छह माह अतिरिक्त कठोर कारावास की सजा भोगेगा।

### लालकुआं स्टेशन पर अब क्यूआर कोड से भी टिकट का भुगतान कर सकेंगे यात्री

**लालकुआं, एजेंसी।** पूर्वोत्तर रेलवे ने यात्रियों की सुविधा के लिए लालकुआं रेलवे स्टेशन पर पीआरएस काउंटर पर टिकट का भुगतान करने के लिए क्यूआर कोड डिवाइस लगा दी गई है जिसने शुक्रवार से विधिवत कार्य करना प्रारंभ कर दिया है। अब यात्री क्यूआर कोड स्कैन करके आसानी से टिकट का भुगतान कर सकेंगे। लालकुआं रेलवे स्टेशन के वाणिज्य प्रबंधक रवि कुमार ने बताया कि यात्रियों के लिए यूपीआई के माध्यम से डिजिटल भुगतान करने की सुविधा उपलब्ध हो सके, इसके लिए रेलवे आरक्षण केंद्र में क्यूआर कोड डिवाइस लगाई गई है। रेल यात्रियों को नकद एवं फुटकर पैसों के लिए परेशान नही होना पड़ेगा तथा टिकट जारी करने में लगने वाले समय में कमी आएगी। इससे पहले यूपीआई के माध्यम से डिजिटल भुगतान की सुविधा ऑनलाइन टिकट बुकिंग के लिए उपलब्ध थी लेकिन अब इस क्यूआर डिवाइस के लगने रेल यात्रियों को फायदा होगा। पहले दिन लालकुआं से दिल्ली के लिए 15036 एक्सप्रेस ट्रेन में छह सितंबर का पहला टिकट बुक किया गया।

### तीन माह से लापता किशोरी बरामद, युवक पर पॉक्सो के तहत मुकदमा

**काशीपुर, एजेंसी।** लगभग तीन माह पहले घर से स्कूल पढ़ने गई किशोरी के लापता हो गई थी। दादा की तहरीर पर पुलिस ने कोतवाली में मुकदमा दर्ज कर किशोरी को बरेली से बरामद कर परिजनों के सुपुर्द कर दिया है। मामले में एक युवक को गिरफ्तार किया गया। बीती 25 मई को कोतवाली क्षेत्र निवासी एक किशोरी घर से स्कूल जाने की बात कहकर निकली थी। इसके बाद से वह लापता हो गई थी। शुक्रवार को पुलिस ने लगभग तीन महीने बाद किशोरी को 200 से अधिक सीसीटीवी कैमरों की मदद से ढूंढ निकाला है। पुलिस ने किशोरी बरेली से बरामद किया। मामले में सुशील यादव निवासी पीपलसाना चौधरी भोजीपुरा जनपद बरेली उत्तर प्रदेश को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने नाबालिग को उसके दादा के सुपुर्द कर दिया है। आरोपी के खिलाफ 376 एवं 5/6 पॉक्सो एक्ट के तहत गिरफ्तार कर लिया।

# विदेशी पर्यटकों की संख्या 1 करोड़ से बढ़ा कर 10 करोड़ करने का लक्ष्य, बीएलटीएम 2024 में बोलीं मुग्धा सिन्हा



**देहरादून, एजेंसी।**
केंद्र सरकार ने कहा कि देश में पर्यटन को बढ़ाने के लिए कई कदम उठाए जा रहे हैं। इसमें पर्यटन उद्योग और सरकार एक साथ कैसे एक मंच पर आएं? यही नहीं विदेशी पर्यटक बार-बार यहां आएं इस पर काम किया जा रहा है। ये बातें पयर्टन मंत्रालय की पयर्टन महानिदेशक (डीजी) मुग्धा सिन्हा ने दिल्ली के द्वारका स्थित यशोभूमि कन्वेंशन सेंटर में आयोजित तीन दिवसीय बीएलटीएम 2024 के समापन मौके पर पत्रकारों से बातचीत में कही। उन्होंने कहा कि अभी देश में विदेशी पर्यटकों की सालाना आने की संख्या एक करोड़ के करीब है, इसे अमृत काल के दौरान 10 करोड़ तक ले जाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है।

बीएलटीएम 2024 के समापन मौके पर उत्तराखंड के पर्यटन मंत्री सतपाल महाराज भी मौजूद थे। उन्होंने पहले यहां उत्तराखंड पवेलियन का दौरा किया। उसके बाद पत्रकारों से बातचीत में कहा कि देश में पर्यटन का तेजी से विस्तार हो रहा है। भारत के लोगों के लिए दुनिया अपने दरवाजे खोल रही है। उन्होंने कहा कि पर्यटन बढ़ेगा, तो लोगों को रोजगार भी मिलेगा। स्थानीय लोगों के बीच रोजगार के अ?वसर बढ़ेंगे। उन्होंने कहा कि देश के क्राफ्ट को ट्रैवल-टूरिज्म से जोड़ा जा रहा है। एक्सपो के आयोजक फेयरफेस्ट मीडिया लिमिटेड के संस्थापक एवं सीईओ संजीव अग्रवाल ने कहा कि अगर देश में पर्यटन क्षेत्र को और अधिक मजबूत करना है, तो देश के रेलवे नेटवर्क को मजबूत बनाना होगा। देश में रेलवे का बहुत बड़ा नेटवर्क है, जिसे दुरुस्त करने की जरूरत है।

उन्होंने बताया कि एक अनुमान के मुताबिक भारत का एमआईसीई पर्यटन बाजार 2024 से 2029 के बीच 6 फीसदी सीएजीआर की दर से बढ़ेगा, जो देश के पर्यटन उद्योग में एमआईसीई के बढ़ते महत्व को दर्शाता है। इंडियन एक्सहिबिशन इंडस्ट्री एसोसिएशन के मुताबिक 2019 में इस उद्योग का मूल्य 709 मिलियन डॉलर था और एक अनुमान के अनुसार यह 10.25 फीसदी सीएजीआर की दर से बढ़कर 2025 में 1283 मिलियन डॉलर पर पहुंच जाएगा। गौरतलब है कि यशोभूमि में आयोजित बीएलटीएम 2024 एक्सपो में कई देशों और 21 भारतीय राज्यों एवं केन्द्र शासित प्रदेशों से 500 से अधिक प्रदर्शकों के साथ यह भारत में एमआईसीई शो का अब तक का सबसे बड़ा संस्करण है। तीन दिवसीय कार्यक्रम, बीएलटीएम 2024 ने यात्रा व्यापार आगंतुकों को घरेलू और अंतरराष्ट्रीय प्रदर्शकों से जुड़ने का एक अनूठा अवसर प्रदान किया है। भारत के एकमात्र विशिष्ट बी2बी शो के रूप में, यह नेटवर्किंग, सहयोग और सौदेबाजी का एक प्रमुख केंद्र बनने के लिए तैयार है। बीएलटीएम 2024 में आधिकारिक प्रतिभागियों में 5 राष्ट्रीय पर्यटन संगठन, 7 राज्यों के पर्यटन बोर्ड तथा भारत सरकार का पर्यटन मंत्रालय शामिल रहे। 10,000 से अधिक ट्रैवल ट्रेड पेशेवरों, 150 एमआईसीई नियोजकों, 100 कॉर्पोरेट खरीददारों, दक्षिण-पूर्वी एशिया, जीसी एवं रूस से 50 इंटरनेशनल खरीददरों तथा 80 वैडिंग प्लानर्स के सथ यह संस्करण बीएलटीएम का अब तक का सबसे बड़ा संस्करण रहा। बता दें कि भारत का यात्रा एवं पर्यटन उद्योग देश की अर्थव्यवस्थ का मुख्य स्तंभ है, जो जीडीपी में 10 फीसदी योगदान के साथ सालाना 78 बिलियन डॉलर उत्पन्न करता है। एक अनुमान के अनुसार 2029 तक यह उद्योग 53 मिलियन नौकरियां उत्पन्न करेगा और 30.5 मिलियन यात्रियों को आकर्षित करेगा।

# जिला बार एसोसिएशन के नमित शर्मा अध्यक्ष, सतीश चौहान बने सचिव

**रोशनाबाद, एजेंसी।** जिला बार एसोसिएशन के चुनाव में अध्यक्ष पद पर नमित शर्मा, उपाध्यक्ष पद पर तनवीर भारती सचिव पद पर सतीश चौहान और सह सचिव पद पर शोपिन चौधरी ने जीत दर्ज की है। शुक्रवार की रात 1ः30 बजे के बाद परिणाम घोषित किए गए। शनिवार की सुबह अधिवक्ताओं ने नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का फूलमालाएं पहनाकर स्वागत किया।

मुख्य चुनाव अधिकारी प्रदीप जगत ने बताया कि देर रात करीब 1ः40 बजे मतदान प्रक्रिया पूर्ण होने पर विजय उम्मीदवारों के नाम घोषित किए गए। अध्यक्ष नमित शर्मा ने 216 मत प्राप्त कर प्रतिद्वंदी जसमेहन्द्र सिंह मोंटू को 31 मतों से हराया। उपाध्यक्ष तनवीर भारती ने 265 मत लेकर प्रतिद्वंदी नीरज गुप्ता को 61 मतों शिकस्त दी। सचिव सतीश चौहान ने 274 मत प्राप्त कर विपिन चंद द्विवेदी को तीन मतों से हराया। सह सचिव शोपिन चौधरी ने 410 मत प्राप्त कर जितेंद्र सिंघानिया को 154 मतों से हराया। कोषाध्यक्ष कविता वैभव वास ने 263 मत लेकर सागर वशिष्ठ को 32 मतों से शिकस्त दी। पुस्तकालय अध्यक्ष पद पर अभिमन्यु दत्त 283 मत, आय व्यय निरीक्षक पर आशुतोष शर्मा 342 मत प्राप्त कर जीत दर्ज की।

अध्यक्ष पद चुनाव लड़ने वाले नामित शर्मा को 216, जसमेहन्द्र सिंह मोंटू को 185 मत, सुधीर त्यागी को 153, सुशील कुमार को 179, वीरेंद्र प्रताप सिंह को 163 मत प्राप्त किए। उपाध्यक्ष पद पर तनवीर भारती ने 265 मत, मीनाक्षी कपिल ने 191, नीरज गुप्ता ने 204, नितिन कश्यप ने 84, राजेंद्र कुमार ने 56 मत प्राप्त किए। सचिव पद पर बृजभूषण पालीवाल को 18, नीरज कुमार को 66, सतीश चौहान को 274, सुधाकर सिंह को 174, विपिन चंद द्विवेदी को 271 मत मिले। सह सचिव पद पर जितेंद्र सिंघानिया को 256, सचिन कुमार बेदी को 111, शोपिन चौधरी को 410 मत मिले। कोषाध्यक्ष पद पर कविता वैभव वास को 263, सागर वशिष्ठ को 231, संदीप वर्मा को 138, उपेंद्र दत्त शर्मा को 123 वोट मिले।

## पेयजल संकट पर जल संस्थान के ईई को घेरा



**हल्द्वानी, एजेंसी।**
शहर में पानी का संकट लगातार बढ़ता ही जा रहा है। इस समस्या से छुटकारा पाने के लिए लोगों को जल संस्थान कार्यालय के चक्कर लगाने पड़ रहे हैं।शुक्रवार को वार्ड 37, हरिपुरगांगु, लीसा फैक्टरी क्षेत्र में पेयजल संकट से परेशान लोगों ने जल संस्थान कार्यालय में ईई का घेराव किया। पार्षद प्रत्याशी मन्नू गोस्वामी ने हरिपुरगांगु, लीसा फैक्टरी, कालिका मंदिर कॉलोनी में अलग से पेयजल लाइन डालने की मांग की।

प्रदर्शन के बाद स्थानीय लोगों ने अधिशासी अभियंता आरएस लोशाली को ज्ञापन सौंपा। इस पर ईई ने उन्हें चार सितंबर तक स्थलीय निरीक्षण कर समस्या का हल करने का आश्वासन दिया। वहां मंजू जोशी, दिनेश चंद्र टम्टा, एसएल टम्टा, राहुल गुप्ता आदि शामिल रहे।

### महिला अपराधों के विरोध में सरकार का पुतला फूंका

**खटीमा, एजेंसी।**
उत्तराखंड में बेटियों के साथ हो रहीं आपराधिक घटनाओं और महिला कांग्रेस की प्रदेश अध्यक्ष ज्योति रौतेला के साथ हुई अभद्रता के खिलाफ शुक्रवार को कांग्रेसियों ने प्रदेश सरकार का पुतला फूंका।

महिला कांग्रेस की जिलाध्यक्ष रेखा सोनकर नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने खटीमा मुख्य चौक पर पुतला फूंकते हुए पुलिस और सरकार के विरुद्ध नारेबाजी की। उन्होंने कहा कि प्रदेश बेटियों के अपराध की घटनाएं बढ़ती जा रही हैं।

बेटियों के साथ हो रही आपराधिक घटनाओं के विरोध में एसएसपी कार्यालय कार्यालय घेराव करने के दौरान महिला कांग्रेस की प्रदेश अध्यक्ष के साथ अभद्रता की गई। पुलिस ने लाठीचार्ज भी किया था। इस दौरान कृष्णा नेगी, शांति सामंत, ज्योति मझेड़ा, बॉबी राठौर, नरेंद्र आर्या, पंकज टम्टा, नीरज कन्याल आदि थे।

# माजरी ग्रांट में हमलावर हो रहे बंदर, ग्रामीण परेशान

**ऋषिकेश, एजेंसी।** माजरी ग्रांट में बंदरों के उत्पात से ग्रामीण परेशान है। घरों और खेतों में नुकसान पहुंचाने के अलावा अब बंदर लोगों पर हमलावर हो रहे हैं। बडकोट वन रेंज की सीमा से सटे माजरी ग्रांट के वार्ड 13 और 14 में इन दिनों बंदरों का समूह उत्पात मचा रहा है। शनिवार को ग्रामीणों ने ग्राम प्रधान अनिल पाल के साथ बैठक कर समस्या के समाधान पर चर्चा की। ग्राम प्रधान अनिल पाल ने बताया कि बंदर क्षेत्र में लोगों का जीना दूभर कर रहे हैं। महिलाओं, बुजुर्गों और बच्चों को काटने के लिए दौड़ रहे हैं। जिससे ग्रामीण दहशत में हैं। ग्राम प्रधान ने बताया कि बंदरों ने प्रदीप पाल, कमल सिंह, रामदास और रमेश गोदियाल आदि पर हमला किया। जिससे ग्रामीणों में रोष और दहशत बन रही है। ग्रामीण सुरेश धीमान, इतवार सिंह, योगेश, विनोद धीमान आदि ने वन विभाग से बंदरों की समस्या से निजात दिलाने की मांग की। ग्रामीणों की शिकायत पर संबंधित क्षेत्रों में पिंजरा लगाकर बंदरों को पकड़ने की व्यवस्था की गई है।

### शिक्षक के अश्लील मैसेज भेजने पर छात्रा ने खाया जहर, करतूत जानकर रह जाएंगे हैरान; केस दर्ज

**ऊधम सिंह नगर, एजेंसी।** जसपुर में शिक्षक के अश्लील मैसेज भेजने पर छात्रा ने परेशान होकर जहर का सेवन कर लिया। छात्रा को एक निजी अस्पताल में उपचार के लिए भर्ती कराया गया।

जसपुर में शिक्षक के अश्लील मैसेज भेजने पर छात्रा ने परेशान होकर जहर का सेवन कर लिया। छात्रा को एक निजी अस्पताल में उपचार के लिए भर्ती कराया गया। पुलिस ने केस दर्ज कर शिक्षक को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया।

ठाकुरद्वारा के ग्राम दारापुर मदारपुर गांव निवासी यामीन मलिक वहीं के एक प्रशिक्षण केंद्र में शिक्षक है। आरोप है कि वह छात्रा को काफी समय से परेशान कर रहा था। बदनामी के डर से छात्रा ने घटना की जानकारी किसी को नहीं दी। इससे आरोपी का हौसला बढ़ गया।

### पीरूमदारा के उमेदपुर में सिंचाई गूल से हटाया अतिक्रमण

**रामनगर, एजेंसी।** सिंचाई विभाग ने शुक्रवार को अभियान चलाते हुए उमेदपुर गांव में सिंचाई गूल से अतिक्रमण हटाया। विभाग की कार्रवाई से अतिक्रमणकारियों में खलबली मची रही। आवासीय कॉलोनियों का निर्माण करने वाले कारोबारियों ने गांव की वर्षो पुरानी सिंचाई गूल पर अतिक्रमण कर लिया था।

## यात्रा मार्ग पर गदेरा उफान पर आने से फंसे 250 यात्री, एसडीआरएफ ने रेस्क्यू कर निकालांग

**चमोली, एजेंसी।**
हेमकुंड साहिब यात्रा मार्ग पर अटलाकोटी ग्लेशियर के पास दोपहर को तेज बारिश होने से बरसाती गदेरा उफान पर आ गया। हेमकुंड साहिब यात्रा मार्ग पर बरसाती गदेरा उफान पर आने से करीब 250 यात्री फंस गए। उन्हें एसडीआरएफ व पुलिस के जवानों ने सुरक्षित निकाला।

हेमकुंड साहिब यात्रा मार्ग पर अटलाकोटी ग्लेशियर के पास दोपहर को तेज बारिश होने से बरसाती गदेरा उफान पर आ गया। इससे हेमकुंड साहिब की यात्रा से लौट रहे करीब 250 श्रद्धालु फंस गए। घांघरिया



पुलिस चौकी से एसडीआरएफ व पुलिस के जवान मौके पर पहुंचे और सभी यात्रियों को सुरक्षित निकाला।

### जीवन बीमा पॉलिसी के नाम पर लाखों की ठगी

**ऋषिकेश, एजेंसी।** लाइफ इंश्योरेंस पॉलिसी के नाम पर एक युवक से [illegible] लाख 88 हजार रुपये की धोखाधड़ी हुई है। पीड़ित ने साइबर ठगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। पुलिस ने मामले में जांच शुरू कर दी है।

बीस बीघा, बापूग्राम निवासी संजय जोशी ने कोतवाली पुलिस को लिखित तहरीर दी है। जिसमें बताया कि उन्होंने वर्ष 2013 में एक प्राइवेट बैंक के माध्यम से लाइफ इंश्योरेंस पॉलिसी ली थी, जो छह साल तक चलनी थी और उसकी मैच्योरिटी 20 साल के बाद होनी थी। वर्ष 2018 में इंश्योरेंस पॉलिसी की ओर से वेद प्रकाश अरोड़ा नाम के व्यक्ति का कॉल आया।

## क्लासरूम में लगाए चुनावी पोस्टर तो नामांकन नहीं कर पाएंगे प्रत्याशी

**हल्द्वानी, एजेंसी।**
शासन की ओर से छात्र संघ चुनाव की अभी तिथि घोषित नहीं की गई है लेकिन महाविद्यालयों में चुनावी गतिविधियां तेज हो गई हैं। एमबीपीजी कॉलेज में अभी से छात्र नेता चुनाव प्रचार-प्रसार में जुट गए हैं। कॉलेज प्रशासन का कहना है कि कक्षा -कक्षों में चुनावी पोस्टर चिपकाएं जा रहे हैं। अगर कक्षा कक्षों में किसी भी संभावित प्रत्याशी के चुनावी पोस्टर मिले तो उसे नामांकन प्रक्रिया में हिस्सा नहीं लेने दिया जाएगा।

एमबीपीजी कॉलेज में छात्रसंघ चुनाव को लेकर प्रचार-प्रसार अभियान तेज हो गया है। एबीवीपी, एनएसयूआई सहित निर्दलीय प्रत्याशी सक्रिय हो गए हैं। कुछ छात्र नेताओं के समर्थक कक्षा-कक्षों में चुनावी पोस्टर चिपका रहे हैं। इधर अभी से चुनावी प्रचार-प्रसार के चलते कक्षाओं में पढ़ाई प्रभावित हो रही है। इसको लेकर कॉलेज प्रशासन ने सख्ती शुरू कर दी है। कॉलेज प्रशासन की ओर से जारी आदेश में कहा गया है कि कक्षा-कक्षों में पोस्टर और बैनर चिपकाने वालों को नामांकन से दूर किया जाएगा। छात्र-छात्राओं से नियमों का पलान करते हुए प्रचार-प्रसार और अन्य गतिविधियां करने के लिए कहा गया है।

# टिहरी में दिनदहाड़े बेखौफ बदमाश ने की फायरिंग, युवक ने दुकान में घुसकर बचाई जान

**टिहरी, एजेंसी।** प्रदेश के टिहरी में दिनदहाड़े बेखौफ बदमाश द्वारा की गई फायरिंग की खबर सामने आई है। इसमें एक युवक ने दुकान में घुसकर अपनी जान बचाई। वहीं इस घटना की सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस आरोपी की खोजबीन में जुट गई है। यह पूरी घटना सीसीटीवी में कैद हुई है। दरअसल, यह घटना ढुंगीधार चौकी क्षेत्र के हीरो शोरूम के पास की है। जहां बीते शुक्रवार दोपहर करीब 2.30 बजे एक बदमाश ने युवक पर फायरिंग कर दी। वहीं युवक भाग कर दुकान के अंदर



चला गया और बाल बाल अपनी जान बचाई। बताया गया कि आरोपी ने जिस युवक पर फायरिंग करने का प्रयास किया। वो हीरो के शोरूम में सेल्समैन का काम करता है। वहीं इस घटना के बाद इलाके में दहशत का माहौल बना हुआ है। वहीं इस मामले में पुलिस कार्रवाई में बताया जा रहा है कि पुलिस ने फायरिंग करने वाले युवक को हिरासत में ले लिया है। इसमें आरोपी से पूछताछ की जा रही है। इसके अतिरिक्त जल्द ही पुलिस इस मामले का खुलासा करेंगी।

### अपर मुख्य सचिव ने दिए जल स्रोत के कार्यों में तेजी के निर्देश

**रुद्रपुर, एजेंसी।** अपर मुख्य सचिव आनंदवर्धन ने सारा के तहत प्रस्तावित कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने संवेदनशील जल स्रोतों, नदियों, सहायक नदियों व जलाशयों के जल संरक्षण व संवर्धन के कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिए। कहा कि एक करोड़ तक की योजनाओं को जिला स्तर पर कमेटी स्वीकृति देगी। इससे अधिक के कार्यों के प्रस्ताव राज्य स्तरीय कमेटी को स्वीकृति के लिए भेजें। अपर मुख्य सचिव ने शुक्रवार को जल संरक्षण अभियान स्प्रिंग एंड रिवर रिजुविनेशन अथॉरिटी (सारा) की वर्चुअल बैठक ली। उन्होंने कहा कि 50 प्रतिशत योजना धनराशि विभागीय, मनरेगा या अन्य मदों से व्यय होगी और 50 प्रतिशत सारा से व्यय की जाएगी। छह तालाबों का संवर्द्धन, लेवड़ा व फीका नदी के संवर्द्धन व पुनर्जीवीकरण, एक जलाशय का संवर्द्धन, शहरी क्षेत्र में 40 रिचार्ज पिट एवं साफ्ट बनाने के साथ ही 12 करोड़ की योजनाएं प्रस्तावित की हैं।

## 21 साल में भी पूरा नहीं हो पाया एक गांव का बंदोबस्त

**ऋषिकेश, एजेंसी।**
भानियावाला में 21 साल बाद भी बंदोबस्त का कार्य पूरा नहीं हो पाया है। क्षेत्रवासियों ने बंदोबस्त अधिकारियों की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाए हैं।

भानियावाला काफी पुरानी ग्राम पंचायत थी। जो अब नगर पालिका डोईवाला का हिस्सा बन चुकी है। भानियावाला में 2002 से बंदोबस्त चल रहा है। इससे पहले इस गांव में बंदोबस्त 15 अक्टूबर 1991 में भी किया गया था। लेकिन तब इसमें अधिक त्रुटि होने पर इस प्रक्रिया को निरस्त कर 2002 में दोबारा बंदोबस्त शुरू किया गया था। जो वर्तमान में भी जारी है।

इस कारण यहां रह रहे लोगों, किसानों आदि को अपनी अपडेट कंप्यूटरीकृत खाता खतौनी नहीं मिल पा रही है। आज भी लोगों को 20-22 साल पुरानी हाथ से लिखी खाता खतौनी पकड़ाई जा रही है। जिससे ये पता नहीं चल पा रहा है कि किसने कितनी जमीन बेची और किसका जमीन का नंबर वर्तमान में कहां पर मौजूद है। भाजपा नेता संजीव सैनी ने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से उनके आवास पर मिलकर कहा कि बंदोबस्त प्रक्रिया पूरी न होने का लाभ कुछ भूमाफिया उठा रहे हैं। किसानों की काश्त भूमि पर जबरन कब्जे किए जा रहे हैं। भाजपा जिलाध्यक्ष अनुसूचित मोर्चा व स्थानीय निवासी रामकिशन ने कहा कि बंदोबस्त अधिकारियों की मिलीभगत का खामियाजा गांव के लोगों और किसानों को उठाना पड़ रहा है। स्थानीय निवासियों ने मुख्यमंत्री को ज्ञापन भी सौंपा। इस अवसर पर एडवोकेट मनोहर सिंह सैनी, नितिन, सुरेश सैनी आदि उपस्थित रहे। भानियावाला के साथ ही अन्य जगहों पर भी 2002 में बंदोबस्त शुरू हुआ था। लेकिन अन्य गांवों, शहर आदि में बंदोबस्त अधिकारियों ने भारी संख्या में त्रुटिपूर्ण रिकार्ड के साथ जल्दबाजी में प्रक्रिया पूरी कर खतौनी अपडेट कर दी। बंदोबस्त प्रभावित राजेंद्र प्रसाद ने कहा कि लगभग हर गांव व शहर में लोगों की जमीनों के नंबरों और नामों में भारी गड़बड़ी है।

# मंत्री कैलाश गहलोत ने नजफगढ़ के दिचाऊँ कलाँ और खैरा गांव में पीएनजी पाइपलाइन बिछाने के कार्य का किया उद्घाटन

## मार्च 2025 तक नजफगढ़ में 21 गांवों और 200 कॉलोनियों में पीएनजी पाइपलाइन लगाने का कार्य हो जायेगा पूरा

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता




कैबिनेट मंत्री और नजफगढ़ विधानसभा क्षेत्र के विधायक, श्री कैलाश गहलोत ने आज नजफगढ़ के दिचाऊँ कलाँ और खैरा गांव में इंद्रप्रस्थ गैस लिमिटेड (आईजीएल) द्वारा पाइप्ड नेचुरल गैस (पीएनजी) पाइपलाइन बिछाने के कार्य का उद्घाटन किया। लगभग एक करोड़ रुपये की लागत से दो महीने के भीतर पाइपलाइन बिछाने के कार्य सहित दोनों गाँव में घरों में पीएनजी कनेक्शन शुरू होने की उम्मीद है।

इस अवसर पर, ग्रामीणों को बधाई देते हुए, श्री कैलाश गहलोत ने कहा, दिल्ली देश की राजधानी है पर नजफगढ़ के निवासी हमेशा से सुविधाओं से वंचित थे क2015 में चुनाव जीतने के बाद मेरा सपना था कि नजफगढ़ में सभी सुविधाये जैसे पानी, सीवर, गैस लाइन, अच्छी सड़के आदि सुविधाये होनी चाहिएक 2015 से पहले नजफगढ़ में केवल 15 किलोमीटर लाइन ही बिछाई गई थी और 2015 से अभी तक 227 किलोमीटर लाइन बिछाई गई, 2025 तक नजफगढ़ की सभी कॉलोनियों और गावों में गैस लाइन बिछाने का कार्य पूरा कर लिया जाएगा कपीएनजी पाइपलाइनों की शुरूआत नजफगढ़ के निवासियों को स्वच्छ ऊर्जा प्रदान करने के हमारे प्रयासों का एक महत्वपूर्ण उदाहरण है। किसी भी क्षेत्र के विकास और प्रगति के लिए स्वच्छ ऊर्जा समाधानों तक आम लोगों की पहुंच सुनिश्चित करना जरूरी है। पीएनजी पाइपलाइन कनेक्शन इस लक्ष्य को प्राप्त करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। कच्छ पाईप लाईन गैस सुविधा से गाँव में महिलायें बहुत खुश है। पिछले 9 वर्षों में नजफगढ़ विधानसभा की कई कॉलोनियों और गांवों को पाईप गैस लाइन से जोड़ा गया है। मेरी कोशिश है कि अगले एक साल में नजफगढ़ बाकी सभी कॉलोनियों और गांवों में पाईप लाईन गैस सुविधा उपलब्ध करा दी जाए।

इस परियोजना का लक्ष्य मार्च 2025 तक नजफगढ़ के 21 गांवों और 200 कॉलोनियों में पीएनजी पाइपलाइनों की स्थापना करना है। वर्तमान में, आईजीएल ने 30 कॉलोनियों और 14 गांवों में सफलतापूर्वक कार्य पूरा कर लिया है। ये गाँव हैं-मित्राऊँ, ढाँसा, काजीपुर, इसापुर, बक्करगढ़, मुँढ़ेला कलाँ, मुँढ़ेला खुर्द, कैर, उजवा, मालिकपुर, समसपुर, जाफरपुर और सुरखपुर गाँव। 2015 के बाद से अब तक नजफगढ़ में 9 करोड़ रुपये की लागत से 227 किलोमीटर पीएनजी पाइपलाइन बिछाई जा चुकी है, जिसमें 2015 से 2020 के बीच 48,550 मीटर और 2020 से 2023 तक 51,700 मीटर पीएनजी पाइपलाइन बिछाई गयी।

पीएनजी एक बेहद सुरक्षित रसोई गैस विकल्प है। प्राकृतिक गैस हवा से हल्की होती है और जब किसी प्रकार का रिसाव होता है तो यह तुरंत हवा में मिल जाती है और हवा में वाष्पित हो जाती है। गैस के रिसाव की संभावना न के बराबर होती है क्योंकि पाइप में बहुत कम छेद होते हैं। पीएनजी गैस घरों में पाइपलाइन के जरिए चौबीसों घंटे उपलब्ध रहती है। जिस तरह घरों में बिजली का मीटर लगाया जाता है, उसी तरह पीएनजी का भी मीटर लगाया जाता है, इसलिए किसी भी तरह की छेड़छाड़ की कोई संभावना नहीं रहती। इसके विपरीत एलपीजी के साथ छेड़छाड़ की संभावना बनी रहती है और ऐसे कई मामले सामने आए हैं जहां ग्राहकों ने कम वजन वाले एलपीजी सिलेंडर मिलने की शिकायत की है।

उल्लेखनीय है कि विधायक कैलाश गहलोत नजफगढ़ में विभिन्न विकास परियोजनाओं को आगे बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। उनके प्रयासों से इलाके में पानी और सीवर की लाइनें बिछाई गई हैं और अब पीएनजी कनेक्शन का काम जोरों पर है।

# आप पार्षद रामचंद्र के अपहरण में भाजपा के शीर्ष नेतृत्व का हाथ- दिलीप पांडे

- जब आप के नेताओं ने सोशल मीडिया और फोन कर दिल्ली पुलिस पर दबाव बनाया, तब दो घंटे बाद रामचंद्र को छोड़ा गया- दिलीप पांडे

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता




आम आदमी पार्टी ने वार्ड 28 से पार्षद रामचंद्र के अपहरण में भाजपा के शीर्ष नेतृत्व का हाथ बताया है। आप के वरिष्ठ नेता दिलीप पांडे ने कहा कि यह सब भाजपा के शीर्ष नेतृत्व की जानकारी में है। जब आम आदमी पार्टी के नेताओं ने सोशल मीडिया और फोन कर दिल्ली पुलिस के अधिकारियों पर दबाव बनाया तब जाकर दो घंटे बाद हमारे पार्षद को छोड़ा गया। इससे पहले भाजपा के पूर्व पार्षद कुछ लोगों के साथ मिलने के बहाने रामचंद्र के घर आए और जबरन अपनी गाड़ी में बैठाकर उनका अपहरण कर लिया। उन्होंने कहा कि भाजपा ने दिनदहाड़े एक चुने हुए पार्षद का अपहरण करके शर्म और लिहाज का पर्दा भी उतार कर फेंक दिया है। जब देश की राजधानी में चुना हुआ जन प्रतिनिधि भी सुरक्षित नहीं है, तो आम आदमी की सुरक्षा बहुत दूर की बात है।आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ नेता दिलीप पांडे ने पार्टी मुख्यालय पर प्रेसवार्ता कर कहा कि आज तक हम ऐसा केवल फिल्मों में देखा करते थे, जहाँ कुछ गुंडे लोकतंत्र की धज्जियाँ उड़ाते हुए जनता की सेवा करने वाले जनप्रतिनिधियों को या तो जान से मार देते हैं, उनका अपहरण कर लेते हैं, या उन्हें पुलिस का डर दिखाकर कोई गलत काम करवाने की कोशिश करते हैं। लेकिन आज भाजपा ने अपने राजनैतिक अहंकार को शांत करने के लिए इस पूरे प्रकरण को दिल्ली में चरितार्थ करके दिखा दिया। भाजपा ने दिल्ली पुलिस के साथ सांठगांठ करके आम आदमी पार्टी के पार्षद रामचंद्र का अपहरण करवा लिया। भाजपा के पूर्व पार्षद रामचंद्र से मिलने के लिए उनके घर गए और कहने लगे कि मुझे उनसे मिलना है। जब रामचंद्र उनसे मिलने गए, तो भाजपा के नेता और उसके साथ आए 5-6 लोगों ने उन्हें डरा-धमकाकर जबरन गाड़ी में बैठा लिया और उनका अपहरण कर लिया।

दिलीप पांडे ने कहा कि आज भाजपा ने अपने अहंकार में कानून के मुंह पर जो जोरदार तमाचा मारा है, मुझे यकीन है कि इसकी गूंज दिल्ली के एलजी के कानों तक भी जरूर पहुंची होगी, जिनके हाथों में दिल्ली की सारी कानून व्यवस्था है। आज भाजपा ने आम आदमी पार्टी के पार्षद का दिनदहाड़े अपहरण करके शर्म और लिहाज का पर्दा भी उतार कर फेंक दिया है। रामचंद्र जी का बेटा और पूरा परिवार चिंतित है और भय में डूबा हुआ है। उनके बेटे ने सोशल मीडिया पर वीडियो पोस्ट करके बताया कि मेरे पिताजी को भाजपा के पूर्व पार्षद कुछ लोगों के साथ उठाकर ले गए। अब उनका फोन भी बंद है। दिलीप पांडे ने कहा कि आज देश की राजधानी में एक चुना हुआ प्रतिनिधि भी सुरक्षित नहीं है, आम आदमी की सुरक्षा तो दूर की बात है। आम आदमी पार्टी के पार्षद का अपहरण करके भाजपा क्या साबित करना चाहती है। पूरी दुनिया की नजर दिल्ली पर होती है, भाजपा ने इसकी भी परवाह नहीं की कि इस तरह की खबरों के छपने से भारत का नाम पूरे देश में बदनाम होगा।

# स्पेलशल सेल ने कुख्या त गैंग के दो गुर्गो को दबोचा

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता




दिल्ली पुलसि की स्पेशल सेल की ट्रांस-यमुना रेंज की टीम ने कुख्यालत गैंग के दो सक्रि0य बदमाशों को गरिफ्तार किया है। यह गरिोह अपने अन्या साथयिों के साथ मलिकर ट्रांस यमुना एरयिा में एक शख्स पर हमला करने की योजना बना रहा था। गरिफ्तार आरोपयिों की पहचान अमान शेख और असद चौधरी उर्फ दानशि के रूप में की गई है, जो सीलमपुर-जाफराबाद के चौहान बांगर इलाके रहने वाले हैं। आरोपयिों के कब्जे से 12 जिंदा कारतूस के साथ तीन अत्याधुनिक पिस्तौल भी बरामद किए गए हैं। आरोपी अमान शेख ने गैंगस्टर वसीम पर वेलकम इलाके में फायरगिं की थी। डीसीपी अमति कौशकि के मुताबकि, स्पेशल सेल की ट्रांस-यमुना रेंज की टीम अपराधियों की गतिविधियों पर पैनी नजर रख रही हैं। इसी बीच हेड कांस्ट्रेबल श्रवण कुमार को एक खास इनपुट मलिा कि गिरोह के दो सक्रिय सदस्य अमान शेख, जो गिरोह के लीडर के निर्देश पर वसीम नाम के बदमाश पर वेलकम इलाके में फायरिंग की घटना में शामिल था। वह अन्यर आरोपी असद चौधरी, गिरोह के अन्य सदस्यों से मिलने के लिए जग प्रवेश अस्पताल, उस्मानपुर, दिल्ली के पास डीडीए पार्क में आएगा। वह अपने दूसरे सहयोगियों के साथ अपराध करने के लिए हथियार भी लाएगा।

टीम ने जाल बिछाया और आरोपी अमान शेख और असद चौधरी को पकड़ लिया। इनकी गरिफ्तारी के बाद स्पेमशल सेल थाने में मामला दर्ज करने के बाद इनको पुलिस रिमांड पर लिया गया है। पूछताछ करने पर दोनों आरोपियों ने बताया कि वे अपने अन्य साथियों के साथ ट्रांस यमुना क्षेत्र में एक व्यक्ति पर हमले की योजना बना रहे थे। अमान के खलिाफ सीलमपुर और वेलकम थाने में तीन मामले पहले से दर्ज हैं। जबकि, दूसरे आरोपी असद चौधरी पर मधु वहिार व लाजपत नगर थाने में दो मामले दर्ज हैं। इस मामले में आगे की जांच जारी है।

कुख्यात गैंग के शार्प शूटर गिरफ्तारः दल्लिी पुलसि की क्राइम ब्रांच की टीम ने एक कुख्यात गैंग के शार्प शूटर को धरदबोचने में कामयाबी हासलि की है। गरिफ्तार आरोपी की पहचान लोकेश उर्फ लीला के रूप में की गई है। आरोपी रोशनपुरा, नजफगढ़ का रहने वाला है। इसको जेल में बंद गैंगस्टकर का करीबी सहयोगी बताया गया है। आरोपी को तीन मामलों में कोर्ट ने फरार घोषति कयिा हुआ है। इसके खलिाफ नजफगढ़ पुलसि थाने में नाबालिग लड़की का अपहरण और दुष्कर्म करने का मामला भी दर्ज है। आरोपी दल्लिीर नगर नगिम के स्वास्थ्य विभाग में ड्राइवर के तौर पर कार्यरत था।

# दक्षिण दिल्ली में 9 करोड़ रुपए के विकास कार्यों का संसद बिधूड़ी ने किया उद्घाटन

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता




दक्षिण दिल्ली से भाजपा सांसद रामवीर सिंह बिधूड़ी ने आज बदरपुर विधानसभा क्षेत्र में 9 करोड़ रुपए की लागत से होने वाले विकास कार्यों का शुभारंभ किया। इन कार्यों में सड़कें, गलियां, नालियां और बारातघर शामिल हें। इस मौके पर बिधूड़ी ने लोगों से दिल्ली में भी भाजपा की सरकार बनाने का आह्वान किया। उन्होंने मोलड़बंद विस्तार के पहला 60 फुटा रोड के निर्माण कार्य का उदघाटन किया। कार्यक्रम में क्षेत्र के बहुत-से गणमान्य लोग उपस्थित हुए। उन्होंने हरिनगर के शुक्र बाजार-नाला रोड, आली ड्रेन से टंकी रोड तक के निर्माण कार्य का भी उद्घाटन किया। इसके अलावा मीठापुर में डॉ. बाबा भीमराव अम्बेडकर के नाम से बारात घर के निर्माण कार्य की शुरूआत की। क्षेत्र की जनता ने इस सुविधा से बड़ी राहत महसूस की। इसी तरह मीठापुर में ही महाराणा प्रताप बारात घर के निर्माण कार्य का भी उद्घाटन किया। इस अवसर पर बिधूड़ी ने कई जनसभाओं को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि केजरीवाल सरकार ने दिल्ली को बबार्दी के कगार पर पहुंचा दिया है और पिछले दस सालों से यह सरकार केवल टकराव तथा आरोप-प्रत्यारोप में ही लगी रही है। जनता के हित में कार्य करने की बजाय इस सरकार ने जनता को झूठे प्रचार में ठगा है। पीने का पानी, बिजली के बिल, शिक्षा, स्वास्थ्य, ट्रांसपोर्ट और प्रदूषण के मामले में दिल्ली की हालत बदतर हो चुकी है। इसलिए दिल्ली के विकास के लिए आवश्यक है कि अगले वर्ष के आरंभ में होने वाले विधानसभा चुनावों को भाजपा को ही विजयी बनाया जाए। अगर केंद्र के साथ-साथ दिल्ली में भी भाजपा सरकार होगी, तभी दिल्ली का विकास हो पाएगा। जनता ने बिधूड़ी के आह्वान के प्रति जबरदस्त उत्साह दिखाया और भाजपा के समर्थन का वचन दिया।

# फिल्मी दुनिया के खलनायक निमाई बाली बनेगें : महाबली रावण

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता

लव कुश रामलीला कमेटी की प्रेस वार्ता में लीला कमेटी अध्यक्ष अर्जुन कुमार ने मीडिया को सम्बोधित करते हुए बताया खलनायक, अभिनेता फिल्म इण्डस्ट्री में अपनी विशेष पहचान बनाएं निमाई बाली महाबली रावण का किरदार निभाते हुए नजर आएंगे। निभाई बाली फिल्म एवं टीवी सीरियल में रावण का किरदार पहले भी निभा चुके है। लीजेंड फिल्म अभिनेता हेमन्त पाण्डे नारद मुनि के किरदार में दिखाई देंगे, पिछले तीन दशक से फिल्म एण्ड टीवी इण्डस्ट्रीज में अपनी अलग पहचान बनाये हुए है। बालिवुड चरित्र अभिनेता मनीष चतुर्वेदी रावण पुत्र मेघनाद का अभिनय करेंगे।

अर्जुन कुमार ने यह भी बताया कि हमने मीडिया के साथियों के सम्मुख इन तीनों कलाकारों को उनके रीयल किरदार के मेकअप और कास्ट्यूम में ही पेश करने का फैसला किया जिससे यह सभी आर्टिस्ट अपने किरदार के और नजदीक आकर सवालों का जवाब दे सकें। पहली बार ऐसे एक्शन दृश्य का मंचन होगा हवा में ही रामलीला के कई प्रमुख पात्र भी गायब हो जायेंगे। जैसे सीता हरण के बाद अशोक वाटिका में सीता को डराने आयी राक्षसियां हवा में गायब हो जायेंगी यह सीन बैठें राम भक्तों को आश्चर्य चकित कर देंगे। खुले आकाश में 180 फीट हाईट की केनों की मदद से अनेक एक्शन स्टंट सीन हवा में किये जायेंगे। इन सीनों में हवा में उड़ते हुए विशाल रथ पर पर श्री राम व लक्ष्मण, दूसरे रथ में श्री राम की सेना, तीसरे रथ पर महाबली रावण सवार होगें। हवा में श्रीराम-रावण युद्ध करते हुए दिखाई देंगे। अर्जुन कुमार ने कहा कि कमेटी द्वारा 17 सितम्बर माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द मोदी जी के जन्म दिवस के अवसर पर मेगा हेल्थ कैम्प का आयोजन किया जा रहा है। दिव्याग जनों के लिए कृत्रिम सहायक उपकरण भारत सरकार के सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय द्वारा दिये जायेंगे। कृत्रिम अंगों के साइज और उनका नाप लेने के लिए पंजीकरण सह-परीक्षण शिविर 1 से 10 सितम्बर 2024 तक अलग अलग क्षेत्रों में प्रताप नगर, सीताराम बाजार, पहाडगंज, पंजाबी बस्ती, आजादपुर, आदर्श नगर, शालीमार बाग, रानी बाग, त्रिनगर, अशोक विहार आदि में लगाये जा रहे है। महासचिव श्री सुभाष गोयल ने प्रेस वार्ता में मीडिया को बताया कि फिल्म इण्डस्ट्री के साथ-साथ कई केन्द्रीय मंत्री, सांसद, विधायक, खेल जगत की नामी हस्तियों के साथ-साथ पहली बार आर्मी ऑफीसर, सुप्रीम कोर्ट के वरिष्ठ एडवोकेट, अपोलो हास्पीटल के सीनियर डाक्टर और व्यापारी भी लीला के अलग-अलग किरदार निभाएंगे। रामलीला में नये-नये अद्भूत, आधुनिक प्रयोग, आसान भाषा का प्रयोग, लीला भव्य, सुंदर, मनोहरी हो उसके लिए लेटेस्ट तकनीक इस्तेमाल होगी।

मीडिया से रूबरू होते हुए हेमंत पाण्डे ने सबसे पहले अपने अलग स्टाइल में नारायण-नारायण कहकर यहां मौजूद सभी मीडिया के साथियों का मन मोह लिया, नारद मुनि का फुल कास्ट्यूम पहने हेमंत पाण्डे ने बताया मैं अपने अब तक करियर में यहां पहली बार नारद जी का किरदार निभा रहा हू, यह मेरे लिए बड़ा चैलेंज है। महाबली रावण का किरदार निभा रहे फिल्म एक्टर निमाई बाली ने बताया कि टीवी और बिग स्कीन पर मै रावण, कंस सहित कई पौराणिक किरदार निभा चुका हूँ, लेकिन हजारों दर्शकों के सम्मुख बिना किसी रीटेक के रावण के किरदार को जीवंत निभाने के मकसद से मुंबई में अपने घर ही रिहर्सल कर रहा हूँ। मेघनाद के कास्ट्यू में फिल्म एक्टर मनीष चतुर्वेदी ने कई संवाद प्रस्तुत किए।

# नाबालिग के साथ मिलकर करता था झपटमारी, धरे

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता

पालम गांव थाना पुलिस ने 29 अगस्त को एक झपटमार और उसके नाबालिग साथी को पकड़ा है। आरोपी सागर पंवार के पास से चोरी की एक सोने की चेन, एक बाइक और स्कूटी बरामद हुई है। पुलिस उपायुक्त रोहित मीणा ने बताया कि 24 अगस्त को पालम थाना पुलिस को एक महिला ने अपने साथ हुई झपटमारी की शिकायत दी थी। पुलिस ने शिकायत पर केस दर्ज कर मामले की जांच शुरू की। एसआई राजेश, हेडकांस्टेबल परशुराम की टीम ने घटनास्थल से सीसीटीवी फुटेज का विश्लेषण किया और फुटेज की मदद से आरोपियों का एक रूट मैप तैयार किया। इसके बाद आरोपियों को दबोच लिया।

# द्वारका में 5 साल की स्कूली छात्रा के साथ कैब चालक ने किया रेप, आरोपी गिरफ्तार

नई दल्लिी । राजधानी दिल्ली के द्वारका इलाके में 5 साल की मासूम बच्ची के साथ हैवानियत का मामला सामने आया था। वारदात को निजी स्कूल के कैब चालक ने अंजाम दिया है। हालांकि, इस घटना में पुलिस ने शनिवार देर एफआईआर दर्ज कर आरोपी कैब ड्राइवर को गिरफ्तार कर लिया है। दद्वारका पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, 5 साल की बच्ची द्वारका इलाके के ही एक स्कूल में पढ़ती थी। बच्ची कैब से ही स्कूल जाती थी। काउंसलिंग के दौरान पीड़ित बच्ची ने बताया कि कैब चालक ने कई बार इस घिनौनी वारदात की है। हालांकि, घटना का पता शनिवार को तब चला जब बच्ची छुट्टी के बाद घर आई और उसकी तबीयत खराब हो गई। बच्ची ने मां से बातचीत के दौरान ही ये सारी बात बताई। इसके बाद बच्ची की मां ने स्कूल प्रशासन को इस घटना की जानकारी देने के साथ-साथ पुलिस को भी घटना के बारे में बताया।

कोलकाता में ट्रेनी डॉक्टर के साथ दुष्कर्म के बाद हत्या की वारदात से देश के अलग-अलग इलाके में लोगों का विरोध प्रदर्शन शांत नहीं हुआ है। लोग छोटी बच्चियों, लड़कियों और महिलाओं के साथ होने वाली इस घिनौनी वारदात को रोकने के लिए सरकार से कड़े कानून की मांग कर रहे हैं। इस बीच राजधानी में इस तरह की घटना से साफ पता चलता है कि ऐसी मानसिकता वाले अपराधियों में इस बात का कोई खौफ फिलहाल नहीं है। गिरफ्तार आरोपी कैब चालक से पुलिस सख्ती से पूछताछ कर रही है, ताकि इस बात का पता चल सके कि कैब चालक ने और किसी बच्ची को तो अपना शिकार नहीं बनाया। साथ ही उसके अपराधिक बैकग्राउंड के बारे में भी पुलिस पता लगा रही है। गाजियाबाद में भी हैवानियतः गाजियाबाद के मोदीनगर थाने पर एक महिला ने शिकायत दर्ज कराई कि 30 अगस्त की मध्य रात्रि में उनके पड़ोस में रहने वाले युवक ने उनकी पुत्री के साथ दुष्कर्म किया। महिला की शिकायत के आधार पर पुलिस ने संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज कर लिया है और आरोपी को हिरासत में लेकर आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है। इस मामले पर बात करते हुए मोदीनगर के सहायक पुलिस आयुक्त ज्ञान प्रकाश राय ने बताया कि पीड़िता को मेडिकल जांच के लिए भेजा गया है, और जल्द ही अन्य कानूनी प्रक्रियाएँ पूरी की जाएंगी।

# रनहौला सनसनीखेज हत्याब मामले का फरार वांटेड आरोपी धौला कुंआ से गिरफ्तार

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता



दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल ने 2018 के रनहौला के जघन्य मर्डर मामले में वांछित चल रहे आरोपी को गरिफ्तार किया है। आरोपी की पहचान अभय सिंह उर्फ दारा सिंह (25) के रूप में की गई है। आरोपी राजस्थान के सीकर जिले के नीमकाथाना के पांडालिकीधानी का निवासी है। रनहौला थाने में दर्ज मामले में कोर्ट ने उसको 29 सितंबर 2018 को भगोड़ा घोषित कर दिया था। स्पेबशल सेल के डीसीपी अमति कौशकि के मुताबकि रनहौला पुलिस स्टेशन में 8 जुलाई 2018 को आईपीसी की धारा 302/308/34 के तहत अभय सिंह उर्फ दारा सिंह के खलिाफ हत्या का मामला दर्ज किया गया था। आरोपी अभय सिंह इस हत्या के मामले में शामिल था और तभी से फरार चल रहा था। पुलसि को इस आरोपी की सरगर्मी से तलाश की जा रही थी। स्पेभशल सेल की टीम के मैंबर्स को पड़ोसी राज्योंक हरियाणा और राजस्थान के अलग-अलग इलाकों में भी तैनात कयिा गया। इस दौरान टीम के मेंबर हेड कांस्टेबल राजीव कुमार को गुप्त सूचना मलिी कि राजस्थाजन के सीकर का रहने वाला रन्हौला में मर्डर का आरोपी अभय सिंह दिल्ली के धौला कुआं बस स्टैंड के पास मौजूद है। जसिके बाद उसको सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने धरदबोच लयिा। पूछताछ के दौरान अभय सिंह ने रन्हौबला हत्या मामले में अपनी संलिप्तता स्वीकार की है। आरोपी की प्रोफाइल से पता चला है कि आरोपी अभय सहिं 2018 में गुरुग्राम, हरियाणा के बाजघेरा में अपने चचेरे भाई योगेश के बलि्ंपि ग मैटैरयिल की दुकान पर काम करने लगा। इसी दौरान वह रन्हौनला में अपने चचेरे भाई मोनू के साथ बलि्ंपिनग मैटैरयिल की डिलीवरी करने आया था और इस दौरान एक लेबर अमित की हत्या कर दी। इसके बाद से ही वह फरार चल रहा था। लंबे समय से कोर्ट में पेश नहीं होने के चलते अदालत ने उसको भगोड़ा घोषित कर दिया था।

# चीन के ऐप से लोन लेने वालों से रिकवरी करने वाला एजेंट गिरफ्तार

गुरुग्राम। लोन रिकवरी के नाम पर ठगी करने वाले एजेंट को साइबर पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के पास से एक मोबाइल फोन व 1 सिमकार्ड बरामद कर छानबीन शुरू कर दी है। एसीपी साइबर क्राइम प्रियांशु दीवान के निदेर्शानुसार साइबर क्राइम थाना ईस्ट के प्रभारी इंस्पेक्टर नवीन कुमार की टीम ने चाईनीज लोन ऐप के माध्यम लिए हुए लोन की धमकी देकर रिकवरी करके ठगी करने वाले आरोपी को सेक्टर-24, गुरुग्राम से काबू किया। जिसकी पहचान रेवाड़ी के पालावास निवासी दीपक यादव के रुप में हुई। आरोपी से पूछताछ में सामने आया कि उसे टेलीग्राम के माध्यम से चीनी ऐप से लिए हुए लोन को रिकवर करवाने के लिए लोगों के नाम व मोबाइल नंबर मिलते थे। जिसके बाद यह उनको मोबाइल नंबर के माध्यम से फोन करके धमकी देकर लोन के रुपए लेता था। इसके बदले साइबर ठगों द्वारा इसको कमीशन मिलता था। पैसे मिलने के बाद आरोपी लोगों के मोबाईल नंबर को ब्लॉक कर देता था।

# सीपीजे कॉलेज, नरेला में प्रथम वर्ष के विधि छात्रों के लिए फ्रेशर्स का स्वागत समारोह आगमन 24 हुआ आयोजित

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता







गुरु गोबिंद सिंह इंद्रप्रस्थ विश्वविद्यालय दिल्ली से संबद्ध सीपीजे कॉलेज ऑफ हायर स्टडीज एंड स्कूल ऑफ लॉ, नरेला ने अपनी समृद्ध परंपरा को जारी रखते हुए बीएएलएलबी (ऑनर्स) /बीबीएएलएलबी (ऑनर्स) और एलएल एम के प्रथम वर्ष के छात्रों के लिए फ्रेशर पार्टी ह्लआगमनह्ल24ह्व का आयोजन किया। कार्यक्रम की शुरूआत राष्ट्रगान और सरस्वती वंदना के बीच शुभ दीप प्रज्ज्वलन से हुई। इस अवसर पर महानिदेशक डॉ. युगांक चतुर्वेदी ने मुख्य वक्ता के रूप में मनमोहक स्वागत भाषण दिया। अपने स्वागत भाषण में उन्होंने कहा, आज इस यादगार कार्यक्रम में आप सभी का हार्दिक स्वागत करना उनके लिए बहुत सौभाग्य और सम्मान का क्षण है। उन्हें नए छात्र-छात्राओं को कॉलेज के बारे में बताते हुए बेहद खुशी महसूस हुई कि 2007 में स्थापना के बाद से हम गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान कर रहे हैं। उन्होंने आगे बताया कि गुणवत्तापूर्ण शैक्षिक प्रणाली का विकास संकाय के प्रतिबद्ध सदस्यों, नवीन बुनियादी सुविधाओं,, सहायक प्रशासन, सीखने के संसाधनों की विस्तृत श्रृंखला और सबसे महत्वपूर्ण रूप से मेहनती और प्रतिभाशाली विद्यार्थियों पर निर्भर करता है। महानिदेशक ने छात्रों को पर्याप्त प्रेरणा और प्रोत्साहन प्रदान किया। उन्होंने सभी प्रवेशित विद्यार्थियों को अपनी शैक्षिक यात्रा कड़ी मेहनत और समर्पण के साथ पूरी करने और अपने भावी करियर में आगे बढ़ने की शुभकामनाएं दीं। प्रतिस्पर्धा के इस युग में आप सभी को संघर्ष में जीत हासिल करने के लिए अधिक मेहनत करनी होगी। डॉ.चतुर्वेदी ने उन्हें समय का पाबंद होने और कॉलेज के शैक्षणिक माहौल में बेहतर तरीके से तालमेल बिठाने के लिए प्रोत्साहित किया। यह परिवर्तन और लचीलापन छात्रों को कठिन समय के दौरान भी प्रेरित रहने और दृढ़ रहने में मदद करता है। उन्होंने विद्यार्थियों को पढ़ाई में सराहनीय सफलता हासिल करने का आशीर्वाद दिया।

इसके बाद मनोरंजक सांस्कृतिक कार्यक्रम, मनोरंजक खेल, टैलेंट हंट, रैंप वॉक, बॉलीवुड गाने और डांस से माहौल गुंजायमान हो गया। छात्र-छात्राओं की सुंदर प्रस्तुति और बेहतरीन प्रदर्शन ने दर्शकों की खूब तालियां बटोरीं। इस अवसर पर सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले छात्रों को सांस्कृतिक प्रस्तुतियों और मनोरंजक खेलों और मनोरंजक संगीत आदि में अपने कौशल का प्रदर्शन करने के लिए स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। इसके अलावा, मेधावी छात्रों को कॉलेज अधिकारियों द्वारा विभिन्न उपाधियों से सम्मानित किया गया, जैसे- मिस आगमन, मिस्टर आगमन; , मिस बेस्ट अटाइअर , मिस्टर बेस्ट अटाइअर और मिस ब्यूटीफुल और मिस्टर हैंडसम के खिताब से नवाजा गया। फ्रेशर्स का स्वागत समारोह आगमन24 एक साथ सौहार्दपूर्ण दोपहर के भोजन का आनंद लेने, उसके बाद नृत्य जाम-सत्र और अंत में सांस्कृतिक समिति की संयोजक सुश्री इश्मीत कौर सोढ़ी द्वारा धन्यवाद प्रस्ताव के साथ सफलतापूर्वक संपन्न हुआ

# डेंगू के मामले में आयुर्वेद और उसकी दवा है बेहद कारगर : डॉ. आर.पी पाराशर

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता



आयुर्वेद मतानुसार भादों मास में चिरायता का सेवन करना चाहिए। चिरायता में एंटीवायरल गुण होते हैं और यदि महीना भर चिरायता का सेवन किया जाए तो डेंगू व अन्य वायरस रक्त में पहुंचने के बावजूद शरीर में संक्रमण उत्पन्न नहीं कर पाते हैं। इसके अलावा वर्षा ऋतु में पित्त दोष का संचय होता है और शरद ऋतु (वर्षा ऋतु के बाद के दो महीने) में पित्त दोष का प्रकोप शुरू हो जाता है। चिरायता विरेचन (दस्त लगने) का कार्य बहुत अच्छी तरह से करता है और पित्त दोष से शरीर की शुद्धि विरेचन द्वारा ही की जाती है। इसलिये भादों मास में चिरायता के सेवन से शरीर में पित्तजन्य विकार भी नहीं होंगे। इसके अलावा चिरायता सेवन करने से शुगर लेवल कंट्रोल में रहता है, कब्ज से राहत मिलती है, लिवर को डिटॉक्सिफाई करने में मदद मिलती है। चिरायता में मौजूद गुण पीलिया, खांसी, जुकाम, बुखार, जैसी समस्याओं को भी दूर रखते हैं। चिरायता से इम्यूनिटी भी बढ़ती है।

लगातार बारिश होने से डेंगू संक्रमण के मामले भी बढ़ते जा रहे हैं। इसके अलावा दोहरे संक्रमण के रोगी भी खूब आ रहे हैं जिनमें जांच के बाद डेंगू के साथ कोई अन्य वायरल (जैसे हैपेटाइटिस) या बैक्टीरिया (जैसे टायफाइड) संक्रमण भी मिल रहा है। ऐसे मरीजों के इलाज में आयुर्वेदिक दवाएं कारगर हैं जिनका कोई साइड इफेक्ट भी नहीं है। बुखार के सभी रोगी पहले दिन से ही संजीवनी वटी, आरोग्यवर्धिनी वटी, महासुदर्शन चूर्ण, कालमेघ, भुंईआंवला, पपीते के पत्तों का रस, गिलोय का काढ़ा और हरसिंगार के पत्तों के काढ़े का प्रयोग करें ताकि डेंगू व अन्य कोई भी संक्रमण गंभीर स्थिति में न पहुंचे। बुखार आने पर पहले दिन से ही इन दवाओं का प्रयोग करने से डेंगू के मरीजों में न तो प्लेटलेट्स की संख्या ज्यादा घटेगी और न ही शरीर में ब्लीडिंग होगी। ये दवाऐं हर तरह के बुखार में लाभकारी हैं और अगर डेंगू के साथ कोई अन्य बैक्टीरियल या वायरल संक्रमण भी हो तो इन दवाओं के प्रयोग से संक्रमण काबू आ जाएगा।

बुखार डेंगू के बजाय किसी और संक्रमण के कारण हो तो उसमें भी ये दवाएं फायदा ही करेंगी। संजीवनी वटी, आरोग्यवर्धिनी वटी, कुटकी, महासुदर्शन चूर्ण, पपीते के पत्तों का रस, भुंई आंवला, गिलोय, कालमेघ आदि दवाएं टेबलेट, कैप्सूल और सिरप के रूप में बाजार में उपलब्ध हैं जबकि हरसिंगार के पत्तों का काढ़ा घर पर आसानी से बनाया जा सकता है। काढ़ा बनाने के लिए हरसिंगार के 20 से 25 पत्ते आधा लीटर पानी में उबालें और पानी आधा रह जाने पर छानकर रख लें। यह काढ़ा बीस मिलीलीटर (चार चम्मच) की मात्रा में हर 2 घंटे के बाद रोगी को पिलाएं। काढे में हरसिंगार के पत्तों के साथ काली मिर्च, तुलसी और गिलोय को भी मिला सकते हैं। ये दवाएं संक्रमण को खत्म करने के साथ-साथ शरीर की इम्युनिटी को भी बढ़ाती हैं। साथ ही शरीर में किसी भी तरह की हानि नहीं पहुंचाती। इसके अतिरिक्त जय मंगल रस, हिंगुलेश्वर रस, शुण्ठी चूर्ण, आरोग्यवर्धिनी वटी, अमृतारिष्ट, सुदर्शन चूर्ण, कुटकी, नवायस लौह, गुडूची सत्व आदि दवाएं भी डेंगू के इलाज में प्रभावी हैं। डेंगू की रिपोर्ट पॉजिटिव आने पर इन दवाओं का प्रयोग करें तो भी एक से दो दिन में प्लेटलेट्स की संख्या बढ़नी शुरू हो जाती है और शरीर में आंतरिक रक्तस्राव की संभावना भी समाप्त हो जाती है।

देश दुनिया की ताजा तरीन खबरें पढ़ने के लिए लॉग ऑन करें
@Pratahkiran www.pratahkiran.com

राष्ट्रीय दैनिक प्रातःकिरण
नई दिल्ली, सोमवार, 02 सितम्बर, 2024






## कपिल शर्मा अपनी डेब्यू फिल्म के सीक्वल से मचाने आ रहे धमाल!

द ग्रेट इंडियन कपिल शो के होस्ट कपिल शर्मा को हाल ही में फिल्म क्रू में करीना कपूर खान, तब्बू और कृति सेनन के साथ देखा गया था। अब कॉमेडियन एक बार फिर बड़े पर्दे पर धमाल मचाने के लिए तैयार हैं। अब्बास मस्तान के जरिए निर्देशित किस किसको प्यार करूं के साथ अपना अभिनय करियर शुरू करने वाले कपिल शर्मा इसी फिल्म के सीक्वल के साथ सिल्वर स्क्रीन पर वापसी के लिए तैयार हैं। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, नौ साल बाद निर्माता रतन जैन, अब्बास मस्तान और कपिल शर्मा के साथ किस किसको प्यार करूं 2 नामक सीक्वल पर फिर से काम करने के लिए तैयार हैं। विकास से जुड़े करीबी सूत्रों के मुताबिक, कपिल कॉमिक स्पेस में अपनी वापसी को लेकर उत्साहित हैं।

जानकारी के अनुसार, किस किसको प्यार करूं के बाद, कपिल ने अलग-अलग जॉनर के साथ प्रयोग किया और अब एक शुद्ध कॉमेडी जॉनर के साथ वापस आने की उम्मीद कर रहे हैं। उन्हें स्क्रिप्ट पसंद आई है। साथ ही उम्मीद है कि इस साल के अंत तक इसकी शूटिंग शुरू हो जाएगी। किस किसको प्यार करूं 2 का निर्देशन अनुकल्प गोस्वामी करेंगे, जो पहले भाग के प्रमुख लेखकों में से एक थे। रिपोर्ट में बताया गया है कि अनुकल्प ने स्क्रिप्ट लिखी है और बड़े पर्दे के लिए इसका निर्देशन भी करेंगे। दूसरी ओर, अब्बास मस्तान रचनात्मक रूप से प्रोजेक्ट की निगरानी करेंगे, और अपनी विशेषज्ञता को कहानी में लाएंगे। फिल्म का निर्माण रतन जैन कर रहे हैं।

पोर्टल ने उल्लेख किया कि मुख्य अभिनेत्री की कास्टिंग चल रही है और पहले भाग की तरह इसमें भी कई अभिनेत्रियां होंगी। रिपोर्ट है, निर्माता कपिल शर्मा के साथ फिल्म का नेतृत्व करने के लिए कई अभिनेत्रियों को कास्ट करना चाह रहे हैं। फिल्म एक शरारतपूर्ण कहानी होगी, जिसमें संघर्ष के केंद्र में एक शख्स होगा। किस किसको प्यार करूं की बात करें तो फिल्म एक ऐसे आदमी की कहानी है जो तीन अलग-अलग महिलाओं से शादी करता है। वे एक ही बिल्डिंग में रहती हैं और इस बात से अनजान हैं कि उनका पति एक ही है। हालात तब और खराब हो जाते हैं जब उसकी चौथी शादी में उसकी सभी पत्नियों को आमंत्रित किया जाता है। वहीं, इन खबरों पर अभी आधिकारिक मुहर लगना बाकी है।



# पवन सिंह से ब्रेकअप के बाद टूट गई थीं अक्षरा सिंह?

**भोजपुरी की प्रसिद्ध अभिनेत्री अक्षरा भोजपुरी की सफल अभिनेत्री के तौर पर अपनी पहचान बना चुकी हैं और वह किसी पहचान की मोहताज नहीं। लेकिन अक्षरा सिंह की जिंदगी से जुड़ी ऐसी कई बातें हैं जो शायद आप नहीं जानते होंगे।**

अक्षरा सिंह को भोजपुरी की बॉस लेडी के नाम से भी जाना जाता है। अक्षरा ने बतौर अभिनेत्री और सिंगर भोजपुरी इंडस्ट्री में खास पहचान हासिल की। अक्षरा अक्सर सोशल मीडिया अकाउंट पर अपनी ग्लैमरस तस्वीरें और वीडियोज से प्रशंसकों का ध्यान अपनी ओर खींचतीं आई हैं। आज अक्षरा भोजपुरी की इतनी सफल अभिनेत्री बन चुकी हैं। उन्होंने अपने बेहतरीन अभिनय से दर्शकों के दिलों में अपनी खास जगह बनाई है, लेकिन प्यार के मामले में अक्षरा थोड़ी कमजोर पड़ गई थीं।

मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, अक्षरा ने एक इंटरव्यू के दौरान बताया था कि उनकी मां उन्हें सिंगर और पिता अभिनेत्री बनाना चाहते थे। हालांकि, अक्षरा डॉक्टर बनना चाहती थीं क्योंकि डॉक्टर बनकर वह लोगों की सेवा करना चाहती थीं। अक्षरा ने भोजपुरी सिनेमा में कदम रखा और इसी के साथ ही उन्होंने अपने माता-पिता के सपने को पूरा किया। आज अक्षरा बेहतरीन डांसर, अभिनेत्री और सिंगर भी हैं। बता दें कि अक्षरा की पहली भोजपुरी फिल्म 'सत्यमेव जयते' थी और उनका पहला एल्बम 'बेवफा तेरे बिन' रिलीज हुआ था। अक्षरा सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं। वह लगातार अपनी तस्वीरों और वीडियोज से अपने अपकमिंग प्रोजेक्ट्स की जानकारी भी फैंस के साथ साझा करती रहती हैं। अक्षरा सिंह अपनी प्रोफेशनल लाइफ के साथ ही पर्सनल लाइफ को लेकर भी अक्सर चर्चा में बनी रहती हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, एक वक्त ऐसा था जब अक्षरा भोजपुरी अभिनेता पवन सिंह के प्यार में पागल थीं। दोनों का प्यार जगजाहिर था और पर्दे पर भी दोनों की जोड़ी काफी पसंद की जाती थी, लेकिन पवन सिंह ने अक्षरा को धोखा दिया और किसी और शादी रचा ली। इसके बाद अक्षरा और पवन का रिश्ता पूरी तरह से खत्म हो गया था।



## मुझे नहीं लगता कि नेपोटिज्म की बहस में फंसना सही है

बॉलीवुड में नेपोटिज्म को लेकर अभिनेत्री कृतिका कामरा ने कहा कि यह कभी न खत्म होने वाली बहस है। उन्होंने कहा कि मुझे लगता है कि इसकी बहस में पड़ना सही नहीं है, क्योंकि आखिरी में दर्शक ही होते हैं जो एक कलाकार की किस्मत का फैसला करते हैं। अभिनेत्री कृतिका कामरा ने कहा, मैंने हमेशा अपने काम पर विश्वास किया है। मैं किसी कनेक्शन या पारिवारिक संबंधों के कारण यहां नहीं पहुंची। मुझे जो भी अवसर मिले हैं, वे वर्षों की कड़ी मेहनत और मेरी दृढ़ता का परिणाम हैं। उन्होंने आगे कहा, मुझे नहीं लगता कि नेपोटिज्म की बहस में फंसना सही है ,क्योंकि अंत में दर्शक ही होते हैं जो आपकी किस्मत का फैसला करते हैं। मैं उन सभी भूमिकाओं के लिए आभारी हूं जो मुझे मिली हैं, और यह इस बात का प्रमाण है कि आप इस उद्योग में एक बाहरी व्यक्ति के रूप में भी सफल हो सकते हैं। अभिनेत्री को हाल ही में थ्रिलर सीरीज ग्यारह ग्यारह में देखा गया था। यह सीरीज कोरियाई शो सिग्नल का रूपांतरण है। इस शो में राघव जुयाल, धैर्य करवा और आकाश दीक्षित भी हैं। वह राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता फिल्म निर्माता नागराज मंजुले की मटका किंग में दिखाई देंगी। सीरीज में विजय वर्मा मटका किंग की मुख्य भूमिका में हैं।



## तकलीफ होती है जब कोई महिला प्रधान फिल्म असफल हो जाती है

प्रियंका चोपड़ा को आखिरी बार हॉलीवुड फिल्म 'लव अगेन' में सैम ह्यूगन के साथ रोमांस करते देखा गया था। प्रियंका अभी मामी मुंबई फिल्म फेस्टिवल के लिए भारत में आई हुई हैं। वह इस साल के फेस्टिवल की चेयरपर्सन हैं। प्रियंका ने भूमि के साथ मिलकर महोत्सव में एक मास्टरक्लास ऑर्गेनाइज की। इस दौरान प्रियंका ने बताया कि वह एक महिला प्रधान फिल्म के फ्लॉप होने पर कैसा महसूस करती हैं। प्रियंका ने कहा कि जब आप एक महिला प्रधान फिल्म में काम करते हैं और आप इसकी सफलता की उम्मीद कर रहे होते हैं तो ऐसे में आपके ऊपर बहुत प्रेशर हो जाता है। वैसे बहुत कम ही होता है कि कोई महिला प्रधान फिल्म लोगों का दिल जीतने में कामयाब न हो, लेकिन ऐसा हो भी जाता है तो मुझे ऐसा लगता है कि हम सभी महिलाए कुछ कदम पीछे चली गई हैं, या कहीं ना कहीं मैंने उन्हें पीछे कर दिया है। चाहे फिल्म चले ना चले, लेकिन हमें यह काम करना ही होगा, क्योंकि हममें से कुछ लोग ही हैं, जिन्हें ऐसा करने का मौका मिलता है। सफल नहीं हो रहा है तो उसे और अच्छे से करने की कोशिश की जाए। अब आपको यह मानना है कि हमें ऐसा काम करना है कि नारी जाति को निराशा नहीं हो क्योंकि हमारे पास बहुत कम मौके होते हैं। प्रियंका ने इससे पहले वोग इंडिया के साथ एक इंटरव्यू में बातचीत के दौरान काम के बुरे दिनों से निपटने के बारे में चर्चा की। प्रियंका ने कहा कि मेरे पास भी हर किसी की तरह बुरे दिन होते हैं, लेकिन मैं खुद को याद दिलाती हूं कि मेरे पास जो कुछ भी है, वह मेरे लिए कितना सौभाग्य की बात है और मैं शिकायत करना बंद कर देती हूं और अपना काम करने लगती हूं। मैं अपनी भावनाओं को एक तरफ रख देती हूं और घर पहुंचने पर उनसे निपटती हूं। प्रियंका जल्द ही फिल्म 'हेड्स ऑफ स्टेट' में नजर आने वाली हैं, जिसमें जॉन सीना और इदरीस एल्बा भी अहम भूमिका में होंगे।



## वैम्पायर्स ऑफ विजय नगर में धमाल मचाएंगे आयुष्मान-रश्मिका

स्त्री 2 फिल्म विजय नगर के पिशाचों का संकेत देती है। क्लाइमेक्स सीन में वरुण धवन का किरदार भास्कर अभिषेक बनर्जी द्वारा निभाए गए जना को बताता है कि खून चूसने वाले जीव दिल्ली में अराजकता पैदा कर रहे हैं। फिल्म के अंत में संकेत दिया गया है कि उनकी अगली कहानी वैम्पायर पर आधारित होगी। वहीं, निर्माता अब फिल्म को लॉन्च करने की तैयारी कर रहे हैं, जिसमें आयुष्मान खुराना और रश्मिका मंदाना हैं। रिपोर्ट्स के अनुसार, आदित्य सरपोतदार हॉरर कॉमेडी की मुंबई शूटिंग का निर्देशन करेंगे, जो अक्तूबर 2024 के पहले सप्ताह में शुरू होगी। मुख्य कलाकार शूटिंग के तीसरे सप्ताह के दौरान कैमरे का सामना करेंगे। फिल्म दो समय अवधियों में होती है, एक प्राचीन विजय नगर में और दूसरी उत्तर भारत के एक छोटे से गांव में। पहले शेड्यूल में सरपोतदार का मुख्य जोर वर्तमान को दिखाने वाले हिस्सों पर होगा। जानकारी के अनुसार, पहले शेड्यूल को शुरू करने के लिए एक नाइट शिफ्ट होगी। क्रू एक ऐसा सेट बनाने की योजना बना रहा है, जो उत्तर भारतीय शहर जैसा दिखे। रश्मिका एक बहुमुखी किरदार निभा रही हैं, वहीं आयुष्मान एक खेल प्रेमी और साहसी व्यक्ति की भूमिका निभा रहे हैं। इसके अलावा, वे फिल्म में एक अलग अंदाज में नजर आएंगे। सितंबर 2024 के पहले सप्ताह में वे फिल्म के लुक टेस्ट लेंगे। ऐतिहासिक शहर विजय नगर इस कहानी में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा, जिसे आज हम्पी के नाम से जाना जाता है। 14वीं शताब्दी में विजय नगर साम्राज्य की राजधानी के रूप में इसके इतिहास को फिल्म में दर्शाया जाएगा। कुछ महीने पहले मुंजा के साथ सफलता पाने के बाद आदित्य सरपोतदार ने उस फिल्म से अधिकांश क्रू को भर्ती किया है।




## आग की लपटों के बीच बंदूक थामे स्वैग के साथ राजकुमार राव ने किया नई फिल्म का एलान

स्त्री 2 की बड़ी सफलता के बाद राजकुमार राव के करियर के सितारे सातवें आसमान पर हैं। हॉरर-कॉमेडी सीक्वल रिकॉर्ड तोड़ रही है और बॉक्स ऑफिस पर अपना दबदबा बनाई हुई है। इस सफलता के बीच, राव ने अगली फिल्म को लेकर एक बड़ा अपडेट साझा किया है, जिसने प्रशंसकों के उत्साह को बढ़ा दिया है। हालांकि शीर्षक गुप्त रखा गया है। अभिनेता के जरिए जारी किए गए पोस्टर में उनकी अगली भूमिका की झलक मिलती है। इंस्टाग्राम पर, राजकुमार राव ने एक पोस्टर साझा किया जिसमें वह सफेद पायजामा और कुर्ता पहने हुए हैं और जीप पर खड़े होकर बंदूक पकड़े नजर आ रहे हैं। वहीं, उनके पीछे का बैकग्राउंड एक गंभीर भूमिका का संकेत देती है। पोस्टर पर लिखा हुआ है, पैदा नहीं हुए तो क्या, बन तो सकते हैं। अभिनेता ने पोस्ट को कैप्शन दिया है, बनेगा क्या, बताएंगे कल। इसके बाद उन्होंने साझा किया कि कल वह एक बड़ा एलान करेंगे। साथ ही उन्होंने प्रशंसकों से साथ बने रहने की अपील की। पोस्ट ने पहले से ही उत्साह की लहर पैदा कर दी है। प्रशंसकों ने फायर इमोजी और अटकलों के साथ कमेंट सेक्शन में प्रतिक्रियाओं की लड़ी लगा दी है। इसके अलावा, राजकुमार राव विक्की विद्या का वो वाला वीडियो में अभिनय करने के लिए तैयार हैं, जो एक रेट्रो ड्रामा है।



## सामने आई विदुथलाई पार्ट 2 की रिलीज की तारीख, साल के अंत में पेरुमल बनकर लौटेंगे सेतुपति

हिट फिल्म विदुथलाई पार्ट 1 के सीक्वल विदुथलाई पार्ट 2 की रिलीज की तारीख का एलान हो गया है। दर्शकों को इस घोषणा का लंबे वक्त से इंतजार था और तारीख सामने आ गई है। फिल्म को 20 दिसंबर, 2024 को सिनेमाघरों में रिलीज किया जाएगा। विदुथलाई पार्ट 2 का निर्देशन वेत्रीमारन ने किया है। इसमें विजय सेतुपति के साथ-साथ भवानी श्री, किशोर, इलावरसु, सोरी, राजीव मेनन और गौतम वासुदेव मेनन समेत कई कलाकारों ने अभिनय किया है। खास बात यह है कि इसमें अनुराग कश्यप भी अहम भूमिका में दिखाई देंगे।


फिल्म का निर्माण वेत्रीमारन की ग्रास रूट फिल्म कंपनी और एल्रेड कुमार की कंपनी आरएस इंफोटेनमेंट द्वारा किया गया है। इसमें इलैयाराजा का संगीत सुनने को मिलेगा। आर वेलराज ने फिल्म की सिनेमैटोग्राफी की है। मालूम हो कि विदुथलाई का पहला भाग साल 2023 में रिलीज हुआ था, जिसे दर्शकों ने खूब पसंद किया था। विजय सेतुपति के प्रशंसक विदुथलाई पार्ट 2 के जरिए एक बार फिर से उन्हें पेरुमल वाथियार के किरदार में देखने के लिए काफी उत्सुक हैं। अभिनेता सोरी के लिए भी यह फिल्म काफी खास है, क्योंकि इसी के पहले भाग से वो अभिनेता के तौर पर उभरे थे। इससे पहले उनकी पहचान एक कॉमेडियन के तौर पर ही थी। विदुथलाई पार्ट 2 को तमिल और तेलुगु भाषा में रिलीज किया जाएगा। क्रिसमस के पास रिलीज होने के चलते उम्मीद की जा रही है कि ये बॉक्स ऑफिस पर अच्छा प्रदर्शन करेगी। बता दें कि इस फिल्म की कहानी लघु कथा थुनैवन पर आधारित है, जिसे जयमोहन ने लिखा है।

## पहले दिन बॉक्स ऑफिस पर छायी नानी की सूर्या सैटरडे

साउथ सुपरस्टार नानी नेचुरल एक्टर के नाम से भी जाने जाते हैं। 16 साल के फिल्मी करियर में उन्होंने कई सुपरहिट मूवीज दी हैं। अभिनेता नानी की सारिपोधा सानिवारम सिनेमाघरों में रिलीज हो चुकी है। नानी की फिल्म ने रिलीज होते ही पहले दिन बॉक्स ऑफिस पर धूम मचा दी है। नानी नेचुरल स्टार की एक्शन ड्रामा फिल्म सारिपोधा सनिवारम के पहले दिन का कलेक्शन सामने आ चुका है। निर्देशन विवेक अत्रेया की इस फिल्म की भारत में अच्छी शुरुआत हुई। यह फिल्म तेलुगु, तमिल, कन्नड़, मलयालम और हिंदी सहित पांच भाषाओं में उपलब्ध है। सैकनिल्क की अर्ली ट्रेंड रिपोर्ट के अनुसार, फिल्म ने 9 करोड़ से ओपनिंग की है। वहीं सारिपोधा सनिवारम ने तेलुगु - 8.75 करोड़, तमिल- 24 लाख और मलयालम- 1 लाख की कमाई की है। फिल्म ने कर्नाटक में 1.1 करोड़, आंध्र प्रदेश और तेलंगाना में 8.5 करोड़, तमिलनाडु में 55 लाख, केरल में 5 लाख, भारत के अन्य राज्यों में 20 लाख कमाए। भारत में इसकी कुल कमाई 10.4 करोड़ हो चुकी है।

सुपरस्टार नानी की सारिपोधा सनिवारम ने वर्ल्ड वाइड 19.40 करोड़ का कलेक्शन किया है। गुरुवार को सारिपोधा सानिवारम की कुल तेलुगु ऑक्यूपेंसी 53.54% थी। इस फिल्म में नानी और प्रियंका मोहन लीड रोल में हैं।

हाल ही में, नानी ने बताया था कि फिल्म में सूर्या की भूमिका निभाना उनके लिए उतना चुनौतीपूर्ण नहीं था जितना उन्होंने सोचा था। समाचार एजेंसी एएनआई से बात करते हुए, उन्होंने कहा था, ये रोल मेरे लिए चुनौतीपूर्ण नहीं था क्योंकि मुझे लगता है कि मेरे लिए चुनौतीपूर्ण भूमिकाएं वो हो सकती हैं जो मेरे किरदार से न जुड़ी हों। मुझे सूर्या का रोल मेरे जैसा लगाता है, मुझे काम करने में बहुत मजा आया है।



### क्रिकेटर आर्यमन विक्रम बिड़ला सबसे रईस

**नईदिल्ली।** क्रिकेटरों मे आर्यमन विक्रम बिड़ला सबसे रईस है।9 जुलाई 1997 को मुंबई, महाराष्ट्र में जन्में आर्यमन विक्रम बिड़ला न सिर्फ एक क्रिकेटर हैं बल्कि सफल बिजनेसमैन भी हैं। वह दिग्गज कारोबारी आदित्य बिड़ला समूह के अध्यक्ष कुमार मंगलम बिड़ला के बेटे हैं। आर्यमन की कुल संपत्ति लगभग 70,000 करोड़ रुपये होने का अनुमान है, जो उन्हें क्रिकेट के दिग्गजों सचिन तेंदुलकर, विराट कोहली और महेंद्र सिंह धोनी से अधिक अमीर बनाती है।




### शेयर 28 प्रतिशत तक लुढ़के

**नईदिल्ली।** यस बैंक के शेयरों की कीमतों पिछले एक महीने के दौरान लगातार गिरावट देखने को मिली है। शुक्रवार को प्राइवेट बैंक के शेयरों का भाव 0.51 प्रतिशत की गिरावट के साथ 23.62 रुपये के लेवल पर आकर बंद हुआ था। महज एक महीने में यस बैंक के शेयरों की कीमतों में 8.06 प्रतिशत की गिरावट देखने को मिली है।

## कॉमर्शियल एलपीजी सिलेंडर हुआ महंगा



**नई दिल्ली, एजेंसी।** एलपीजी सिलेंडर के नए रेट आज 1 सितंबर को जारी हो गए हैं। दिल्ली से लेकर पटना और अहमदाबाद से लेकर अगरतला तक एलपीजी गैस ससिलेंडर महंगा हुआ है। हालांकि, गैस सिलेंडर के दाम में यह बढ़ोतरी 19 किलो वाले कॉमर्शियल सिलेंडर के रेट में हुई है।दिल्ली में कॉमर्शियल एलपीजी सिलेंडर का रेट 39 रुपये बढ़कर 1691.50 रुपये का हो गया है। पहले यह 1652.50 रुपये का था। वहीं, आज एक सितंबर से 19 किलो वाला एलपीजी सिलेंडर कोलकाता में 1802.50 रुपये का हो गया है। पहले यहां 1764.50 रुपये का था। मुंबई में अब यह नीला सिलेंडर 1644 रुपये का हो गया है। पहले यह 1605 रुपये का था। जबकि चेन्नई में यह 1855 रुपये का हो गया है, जो अगस्त में 1817 रुपये में मिल रहा था।

## मुकेश अंबानी की जियो चुपचाप बन गई देसी गूगल और किसी को खबर तक नहीं!



**नई दिल्ली, एजेंसी।** मुकेश अंबानी ने साफ कर दिया है कि रिलायंस समूह का कारोबार सिर्फ पेट्रोकेमिकल या एनर्जी तक सीमित नहीं रहने वाला है। अलबत्ता, ग्रुप गूगल और एपल जैसी दिग्गज टेक्नोलॉजी कंपनियों की बादशाहत को चुनौती देने को तैयार है। अंबानी की कंपनी आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) जैसे सेक्टरों में पूरी ताकत झोंकने वाली है। वह चुपचाप भारत में गूगल के समानांतर खड़ी हो रही है। इसके संकेत रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड की 47वीं वार्षिक आम बैठक (एजीएम) में मिले। इस बैठक में मुकेश अंबानी ने कई बड़े ऐलानों की बौछार कर दी। उन्होंने कहा कि जियो यूजर्स को दिवाली पर नए जियो वेलकम ऑफर में 100जीबी तक मुफ्त क्लाउड स्टोरेज मिलेगा। इसका मतलब है कि अब यूजर्स को ज्यादा स्टोरेज वाले महंगे स्मार्टफोन खरीदने की जरूरत नहीं होगी। वे अपने सारे डेटा - फोटो, वीडियो, डॉक्यूमेंट - मुफ्त में क्लाउड पर स्टोर कर सकेंगे। यह कदम स्मार्टफोन बाजार में भूचाल ला सकता है। आमतौर पर, स्टोरेज क्षमता बढ़ने पर स्मार्टफोन की कीमत भी बढ़ जाती है। जियो इतनी बड़ी मात्रा में मुफ्त क्लाउड स्टोरेज देकर यूजरों को कम इंटरनल स्टोरेज वाले किफायती डिवाइस चुनने का विकल्प दे रही है, जो बाजार के समीकरणों को बदल सकता है।

### गूगल जैसी कंपनियों के उड़ेंगे होश

इसके अलावा, यह ऑफर गूगल जैसी कंपनियों को भी प्रभावित कर सकता है, जो सीमित मुफ्त ऑफर के बाद अतिरिक्त क्लाउड स्टोरेज के लिए यूजरों से पैसे लेती हैं। 100जीबी मुफ्त क्लाउड स्टोरेज देकर जियो खुद को क्लाउड स्टोरेज बाजार में एक मजबूत प्रतियोगी के रूप में स्थापित कर रही है।

# एलआईसी के 68 सालः अंग्रेजों ने की थी बीमा की शुरुआत, भारतीयों का नहीं करते थे इंश्योरेंस

**नई दिल्ली, एजेंसी।** जिंदगी के साथ भी, जिंदगी के बाद भी...। एक ऐसी लाइन जिसे सुनते ही दिमाग में भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) का नाम आ जाता है। आज एलआईसी को 68 साल पूरे हो चुके हैं। 1 सितंबर 1956 को इसकी स्थापना हुई थी। आज के समय में यह देश की सबसे बड़ी इंश्योरेंस कंपनी है। इसकी स्थापना ऐसे समय पर हुई थी, जब आजादी के बाद इंश्योरेंस सेक्टर काफी कठिन दौर से गुजर रहा था। एलआईसी के आने के बाद इस सेक्टर में अभूतपूर्व परिवर्तन देखने को मिला।

### इंग्लैंड से भारत आया था इंश्योरेंस

भारत में पहली बार इंश्योरेंस 1818 में इंग्लैंड से आया था। उस समय ओरिएंटल लाइफ इंश्योरेंस कंपनी की स्थापना यूरोपीय लोगों की ओर से कलकत्ता (अब कोलकाता) में की गई थी। यह कंपनी केवल यूरोपीय लोगों का बीमा करती थी। भारतीयों का इसमें बीमा नहीं किया जाता था। इसके बाद कुछ जाने




माने लोगों के प्रयासों के कारण विदेशी बीमा कंपनियों में भारतीयों का बीमा शुरू हो पाया, लेकिन यूरोपीय लोगों के मुकाबले प्रीमियम ज्यादा वसूला जाता था।

बाद में साल 1870 में इस समस्या को देखते हुए बॉम्बे म्यूचुअल लाइफ एश्योरेंस सोसाइटी ने एक भारतीय इंश्योरेंस कंपनी की स्थापना की। इसमें भारतीय को सामान्य दरों पर बीमा दिया जाता था। धीरे-धीरे राष्ट्रवाद की ब्यार वही और 1886 तक देश में कई भारतीय बीमा कंपनियां खड़ी हो गईं।

### 20वीं सदी में मिली गति

बीसवीं सदी की शुरुआत में बीमा कारोबार में अच्छी बढ़ोतरी देखने को मिली। कंपनियों की संख्या बढ़कर 44 हो गई और इनका व्यापार करीब 22.44 करोड़ रुपये का था। बाद में इन कंपनियों की संख्या बढ़कर 176 तक पहुंच गई। साथ ही साल 1938 तक इनका व्यापार बढ़कर 298 करोड़ रुपये तक पहुंच गया।

साल 1947 में देश आजाद हुआ। फिर सरकार ने इंश्योरेंस कंपनियों का राष्ट्रीयकरण किया और 245 इंश्योरेंस कंपनियों का विलय कर लाइफ इंश्योरेंस कॉरपोरेशन एक्ट (एलआईसी एक्ट) के जरिए 5 करोड़ रुपये की पूंजी से एलआईसी की स्थापना की। इसकी स्थापना का उद्देश्य देश के हर नागरिक तक विशेषकर ग्रामीण इलाकों में इंश्योरेंस की सुविधा सही कीमत पर पहुंचाना था।

आज एलआईसी देश की सबसे बड़ी बीमा कंपनी है। इसकी बाजार हिस्सेदारी 60 फीसदी से ज्यादा है। एलआईसी की कुल एसेट्स अंडर मैनेजमेंट (एयूएम) 50 लाख करोड़ रुपये से भी अधिक है। एलआईसी का मौजूदा बाजार पूंजीकरण 6.73 लाख करोड़ रुपये का है।

### शेयर मार्केट में भी एंट्री

एलआईसी की शेयर मार्केट में भी मौजूदगी है। मई 2022 में एलआईसी का आईपीओ आया था। इसका आकार 21 हजार करोड़ रुपये का था। यह भारतीय शेयर बाजार इतिहास में अब तक का सबसे बड़ा आईपीओ था। अभी इसके शेयर की कीमत 1061 रुपये है। लिस्टिंग के बाद से लेकर अब तक इसने निवेशकों को 28.43 फीसदी रिटर्न दिया है।

### एक साल में रिलायंस से ज्यादा रिटर्न

एलआईसी ने एक साल में देश की कई बड़ी-बड़ी कंपनियों के मुकाबले कहीं ज्यादा रिटर्न दिया है। देश की सबसे बड़ी प्राइवेट कंपनी रिलायंस इंडस्ट्रीज ने एक साल में 25.38 फीसदी रिटर्न दिया है। वहीं देश के सबसे बड़े सरकारी बैंक एसबीआई ने एक साल में 43.31 फीसदी रिटर्न दिया है। बात अगर एलआईसी की करें तो इसने एक साल में 64.31 फीसदी रिटर्न दिया है।

## 150 डिविडेंड देने वाली कंपनी हर शेयर पर दे रही 10 शेयर फ्री

**नईदिल्ली, एजेंसी।** वीएसटी इंडस्ट्रीज के शेयर इस हफ्ते शेयर बाजार में एक्स-बोनस स्टॉक के तौर पर ट्रेड करने जा रहे हैं। कंपनी के एक शेयर पर 10 शेयर बोनस के तौर पर देगी। इसके पहले कंपनी ने हर एक शेयर पर 150 रुपये का डिविडेंड दिया था। आइए जानते हैं कंपनी शेयर बाजार में कैसा प्रदर्शन किया है। वीएसटी इंडस्ट्रीज ने शेयर बाजारों को बताया है कि एक शेयर 10 शेयर फ्री दिया जाएगा। कंपनी ने इस बोनस इश्यू के लिए 6 सितंबर की तारीख को रिकॉर्ड डेट तय किया है। यानी जिन निवेशकों का नाम कंपनी के रिकॉर्ड बुक में इस दिन रहेगा उन्हें बोनस शेयर का लाभ मिलेगा। बता दें, बोनस शेयर का फायदा उठान के लिए निवेशकों को रिकॉर्ड डेट से एक दिन पहले ही शेयर खरीदना होगा। कंपनी जून के महीने में एक्स-डिविडेंड स्टॉक के तौर पर ट्रेड की थी। वीएसटी इंडस्ट्रीज ने एक शेयर पर 150 रुपये का डिविडेंड दिया था। इससे पहले 2023 में कंपनी ने एक शेयर पर 150 रुपये का डिविडेंड दिया था। शुक्रवार को कंपनी के शेयरों में गिरावट देखने को मिली थी। कंपनी के शेयर बीएसई में 4 प्रतिशत से अधिक की गिरावट के साथ 4567.70 रुपये के लेवल पर बंद हुआ था। पिछले एक साल के दौरान कंपनी के शेयरों की कीमतों में 24 प्रतिशत की तेजी देखने को मिली है। बता दें, एक महीने में इस बोनस स्टॉक का भाव 4 प्रतिशत बढ़ा है। कंपनी का 52 वीक हाई 4,922.50 रुपये और 52 वीक लो लेवल 3,159.90 रुपये है। कंपनी का मार्केट कैप 7,053.41 करोड़ रुपये का है।



## शेयर बाजारः निवेशक होंगे इस हफ्ते मालामाल

**नई दिल्ली, एजेंसी।** वैश्विक रुख, वृहत आर्थिक आंकड़ों की घोषणा और विदेशी निवेशकों की कारोबारी गतिविधियां इस सप्ताह शेयर बाजार की चाल तय करेंगी। विश्लेषकों ने यह कहा है। इसके अलावा, वैश्विक तेल मानक ब्रेंट क्रूड और अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपये में उतार-चढ़ाव भी बाजार को दिशा देंगे। स्वास्तिक इनवेस्टमार्ट लिमिटेड के शोध प्रमुख संतोष मीणा ने कहा, ''फेडरल ओपेन मार्केट कमेटी (एफओएमसी) की अगली बैठक सितंबर के मध्य में होनी है। लेकिन उससे पहले बाजार की नजर अमेरिका के आर्थिक आंकड़ों पर होगी। विनिर्माण पीएमआई, गैर-कृषि रोजगार और बेरोजगारी के आंकड़े इस सप्ताह जारी होने हैं। ये सभी उल्लेखनीय रूप से बाजार धारणा को प्रभावित कर सकते हैं।'' उन्होंने कहा, ''संस्थागत पूंजी प्रवाह भी बाजार को दिशा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।'' घरेलू बाजार में तेजी के पीछे प्राथमिक कारण अमेरिका में नीतिगत दर में कटौती की बढ़ती उम्मीद और घरेलू निवेशकों की लिवाली है। वाहन बिक्री आंकड़ों की घोषणा के बीच इन कंपनियों के शेयरों पर नजर होगी। मोतीलाल ओसवाल फाइनेंशियल सर्विसेज लि. के शोध, संपत्ति प्रबंधन प्रमुख सिद्धार्थ खेमका ने कहा, ''हमारा अनुमान है कि शेयर केंद्रित कदम के साथ बाजार में तेजी का सिलसिला जारी रहेगा। सप्ताह के दौरान जारी होने वाले वैश्विक वृहत आर्थिक आंकड़ों से घरेलू बाजार को संकेत मिलना जारी रहेगा।'' छले सप्ताह, बीएसई सेंसेक्स में 1,279.56 अंक यानी 1.57 प्रतिशत का उछाल आया। वहीं एनएसई निफ्टी में 412.75 अंक यानी 1.66 प्रतिशत की तेजी रही।

# सिर्फ 13 हजार रुपये से शुरू किया था काम, आज 7200 करोड़ का साम्राज्य

**नई दिल्ली, एजेंसी।** आरजी चंद्रमोगन कभी ठेले पर कुल्फी बेचते थे। आज वह 7,200 करोड़ रुपये के कारोबार के मालिक हैं। करीब 75 साल के चंद्रमोगन ने 1970 में आइसक्रीम बेचने का छोटा सा काम शुरू किया था। अब वह दक्षिण भारत के बड़े उद्योगपतियों में से एक हैं। उनकी कंपनी हटसन एग्रो प्रोडक्ट देश की सबसे बड़ी निजी डेयरी कंपनियों में से एक है। यह कहानी जहां चाह वहां राह की कहावत को सच करती है। आरजी चंद्रमोगन ने यह साबित किया है कि काम छोटा या बड़ा नहीं होता, बल्कि सोच छोटी या बड़ी होती है। उन्होंने कड़ी मेहनत और लगन से अपनी जिंदगी बदल दी। वह लाखों लोगों के लिए प्रेरणा हैं। आइए, यहां उनकी सफलता के सफर के बारे में जानते हैं।

तमिलनाडु में विरुधुनगर जिले के तिरुथंगल शहर में जन्मे चंद्रमोगन को कम उम्र में ही चुनौतियों का सामना करना पड़ा।



आर्थिक तंगी के कारण उन्हें स्कूल की पढ़ाई बीच में ही छोड़नी पड़ गई। यह और बात है कि चंद्रमोगन ने हार नहीं मानी। 1970 में 21 साल के चंद्रमोगन ने चेन्नई के रोयापुरम में 250 वर्ग फीट की एक जगह किराये पर ली। तीन कर्मचारियों के साथ अपनी आइसक्रीम कंपनी बनाई।

चंद्रमोगन का सपना बड़ा था। 1986 में उन्होंने कंपनी का नाम बदलकर हटसन एग्रो प्रोडक्ट कर दिया। यह रीब्रांडिंग कंपनी के लिए एक महत्वपूर्ण मोड़ साबित हुआ। हटसन ने अरोक्या और गोमाथा जैसे लोकप्रिय ब्रांडों के तहत मिल्क प्रोडक्टों का उत्पादन शुरू किया। तमिलनाडु, कर्नाटक, आंध्र प्रदेश और गोवा के बाजारों में अपनी पैठ बनाई। कुछ साल पहले प्रीमियम आइसक्रीम ब्रांड इबाको की लॉन्चिंग ने बाजार के बदलते ट्रेंड और उपभोक्ताओं की पसंद के हिसाब से खुद को ढालने की चंद्रमोगन की क्षमता को प्रदर्शित किया।

### आज करोड़ों रुपये का साम्राज्य

जैसे-जैसे हटसन एग्रो का बिजनेस बढ़ा, वैसे-वैसे इसके कर्मचारियों की संख्या में भी इजाफा हुआ। आज कंपनी में 8,000 लोग काम करते हैं। यह चंद्रमोगन के दूरदर्शी नेतृत्व और व्यावसायिक कौशल का प्रमाण है। कंपनी के पास अब 1,000 से ज्यादा स्पेशलाइज्ड अरुण आइसक्रीम पार्लर हैं। इनकी तमिलनाडु, कर्नाटक, केरल और आंध्र प्रदेश में महत्वपूर्ण उपस्थिति है। मीडिया रिपोर्टों के अनुसार, अरुण आइसक्रीम ने 2023 में 7,200 करोड़ रुपये का कारोबार किया।

चंद्रमोगन ने अपने करियर की शुरुआत एक लकड़ी डिपो में नौकरी से की थी। उनकी सैलरी सिर्फ 65 रुपये महीना थी। हालांकि, उनका मन नौकरी में नहीं लगा। वह अपना खुद का बिजनेस शुरू करना चाहते थे। इसलिए उन्होंने एक साल बाद ही नौकरी छोड़ दी थी। चंद्रमोगन ने सिर्फ 13,000 रुपये से शुरुआत की थी जो उन्हें उनके परिवार से मिले थे। अपने बिजनेस को आगे बढ़ाने के लिए उन्होंने शुरुआत में गांवों में ठेला गाड़ियों से आइसक्रीम बेचीं। शुरुआती दिनों में उन्होंने ग्रामीण इलाकों को अपना टारगेट बनाया। वे ठेला गाड़ियों के जरिये गांवों में जाकर आइसक्रीम बेचते थे।

# उधार पर जिंदगी...भारतीयों ने जुलाई में क्रेडिट कार्ड से खर्च कर डाले 1.7 लाख करोड़ रुपये, तोड़ दिया पिछला रेकॉर्ड

**नई दिल्ली, एजेंसी।** क्रेडिट कार्ड से खर्च के मामले में भारतीय यूजर्स नया रेकॉर्ड बना रहे हैं। जुलाई महीने में लोगों ने क्रेडिट कार्ड से लाखों करोड़ रुपये खर्च कर डाले। इस मामले में इन लोगों ने पिछले साल का रेकॉर्ड तोड़ दिया। एसबीआई सिक्योरिटीज की तरफ से जारी एक रिपोर्ट में यह बात सामने आई है। इस रिपोर्ट में बताया गया है कि भारतीय क्रेडिट कार्ड होल्डर ने इस साल जुलाई में क्रेडिट कार्ड से 1.7 लाख करोड़ रुपये खर्च किए हैं। यह रकम पिछले साल के समान महीने की तुलना में 19 फीसदी ज्यादा है।

रिपोर्ट में बताया गया है कि यह वृद्धि ट्रांजेक्शन के लिए क्रेडिट कार्ड पर बढ़ती निर्भरता को बताती है। रिपोर्ट में यह भी बताया गया है कि लोगों ने क्रेडिट कार्ड से जुलाई में कितनी बार ट्रांजेक्शन किया। इसके मुताबिक जुलाई में कुल 38.4 करोड़ ट्रांजेक्शन हुए। यह संख्या भी पिछले साल के समान महीने के मुकाबले 39 फीसदी ज्यादा है। इससे पता चलता है कि लोग ट्रांजेक्शन के लिए क्रेडिट कार्ड पर भी यूपीआई की तरह भरोसा जता रहे हैं।




### खर्च के मामले में भी एचडीएफसी आगे

ट्रांजेक्शन के अलावा क्रेडिट कार्ड से खर्च के मामले में भी एचडीएफसी बैंक आगे रहा। जुलाई में एचडीएफसी बैंक के क्रेडिट कार्ड यूजर्स ने कुल 44,369 करोड़ रुपये खर्च किए। 34,566 करोड़ रुपये खर्च के साथ आईसीआईसीआई बैंक दूसरे स्थान पर और 26,878 करोड़ रुपये खर्च के साथ एसबीआई तीसरे स्थान पर रहा।

### एटीवी में हुई बढ़ोतरी

जुलाई में औसत लेनदेन मूल्य में भी महीने-दर-महीने 1.4 फीसदी की मामूली वृद्धि देखी गई। यह दस महीनों में एटीवी में पहली वृद्धि है, जो उपभोक्ता व्यवहार में हाई वैल्यू वाले ट्रांजेक्शन के प्रति बदलाव का सुझाव देता है। ये आंकड़े बताते हैं कि भारत में क्रेडिट कार्ड का इस्तेमाल काफी तेजी से हो रहा है।

### ट्रांजेक्शन के मामले में यह बैंक बना नंबर वन

रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि ट्रांजेक्शन के मामले में एचडीएफसी बैंक सबसे आगे रहा। इस बैंक के क्रेडिट कार्ड धारकों ने जुलाई में सबसे ज्यादा ट्रांजेक्शन किए। ट्रांजेक्शन की यह संख्या 9.9 करोड़ रही जो किसी भी दूसरे बैंक के क्रेडिट कार्ड के ट्रांजेक्शन के मुकाबले कहीं ज्यादा है। 7.1 करोड़ ट्रांजेक्शन के साथ आईसीआईसीआई बैंक दूसरे नंबर पर और 6.3 करोड़ ट्रांजेक्शन के साथ एसबीआई बैंक तीसरे नंबर पर रहा।

# आसमान पर रहा है विस्तारा का राज, लेकिन प्रॉफिट से रही कोसों दूर

**नई दिल्ली, एजेंसी।** विस्तारा एयरलाइंस 12 नवंबर से अपनी सेवाएं बद कर रही है। 11 नवंबर को इस एयरलाइंस के हवाई जहाज आखिरी बार आसमान में उड़ान भरेंगे। वहीं विस्तारा 3 सितंबर से टिकट बुकिंग बंद कर रही है। दरअसल, एयर इंडिया और विस्तारा एयरलाइन का मर्जर होने जा रहा है। विस्तारा एयरलाइन के जहाज 12 नवंबर से एयर इंडिया का हिस्सा हो जाएंगे। इसके बाद आप एयर इंडिया के प्लेटफॉर्म के जरिए ही इसकी टिकट बुक करा सकेंगे। विस्तारा एयरलाइंस के पतन का कारण यह अचानक नहीं रहा है। इसके पीछे कई कारण छिपे हैं।




### साल 2015 में हुई शुरुआत

विस्तारा की ऑफिशियल शुरुआत साल 2015 में हुई थी। लेकिन प्रयास इससे करीब 20 साल पहले से हो गए थे। साल 1994 की बात है। टाटा ग्रुप और सिंगापुर एयरलाइंस ने मिलकर भारत में एक एयरलाइन शुरू करने का प्रयास किया। लेकिन सफलता नहीं मिली। इसके 6 साल बाद यानी 2000 में इन्होंने एयर इंडिया में हिस्सेदारी लेकर फिर से एविएशन सेक्टर में उतरने की कोशिश की, लेकिन फिर से फेल हो गए। आखिर में साल 2015 में इनकी कोशिश रंग लाई। जनवरी 2015 में विस्तारा ने उड़ान सेवा शुरू की। कंपनी ने अपनी पहली उड़ान दिल्ली से मुंबई के बीच 9 जनवरी 2015 को भरी थी। 12 नवंबर को विस्तारा का 3595 दिन का सफर खत्म हो जाएगा। विमानों के जमीन पर ठहरने के बाद विस्तारा एयर सहारा और एयर डेक्कन जैसी कंपनियों में शामिल हो जाएगी। बता दें कि एयर सहारा का विलय जेट एयरवेज के साथ और एयर डेक्कन का विलय किंगफिशर एयरलाइंस के साथ हुआ था। हालांकि बाद में जेट एयरवेज और किंगफिशर, दोनों ही एयरलाइंस कंपनी बंद हो गईं। इनके विमान जमीन पर हैं।

### किंगफिशर से होती थी तुलना

एक समय विस्तारा के सफर को यात्रियों द्वारा काफी पसंद किया जाता था। इसकी तुलना किंगफिशर से होती थी, क्योंकि यह उड़ान के दौरान यात्रियों को कई तरह की सुविधाएं देती थी। विस्तारा ने अपने बड़े में बी737 जैसे बड़े जहाजों को शामिल कर कुल प्रॉफिट कमाया और इंटरनेशन उड़ानें भरीं। एयरलाइन के बेड़े में थ्री क्लास, ड्अुल क्लास और मोना क्लास के विमान थे, जो किसी भी एयरलाइन के लिए दुर्लभ हैं।

## संक्षिप्त समाचार

**यूएस ओपनः**

# 44 की उम्र में भी रोहन बोपन्ना का कोई जवाब नहीं

### यूएस ओपन के क्वार्टर फाइनल में पक्की की जगह



**न्यूयॉर्क, एजेंसी।** भारत के रोहन बोपन्ना और उनकी इंडोनेशियाई जोड़ीदार अल्दिला सुत्जियादी ने यूएस ओपन मिक्स्ड डबल्स के क्वार्टर फाइनल में पहुंच गई है। पहले सेट में एकतरफा हार मिलने के बाद शानदार वापसी करते हुए इस जोड़ी ने प्री क्वार्टर फाइनल मुकाबले को अपने नाम किया। बोपन्ना और सुत्जियादी की आठवीं वरीयता प्राप्त जोड़ी ने एक घंटे 13 मिनट तक चले दूसरे दौर के मैच में ऑस्ट्रेलिया के जॉन पीयर्स और चेक गणराज्य की कतेरीना सिनियाकोवा को 0-6, 7-6, 10-7 से हराया।

**चौथी वरीयता वाली जोड़ी से मुकाबला** – 44 साल के रोहन बोपन्ना और सुत्जियादी का अगला मुकाबला मैथ्यू एबडेन और बारबोरा क्रेजिकोवा की चौथी वरीयता प्राप्त जोड़ी से होगा। बोपन्ना और उनके जोड़ीदार ने शुरुआती दौर में जर्मनी के टिम पुएत्ज और नीदरलैंड की डेमी शूअर्स पर 7-6, 7-6 से जीत दर्ज की थी। फिर रॉबर्टो कार्बालेस बेना और फेडेरिको कोरिया की स्पेनिश-अर्जेंटीना जोड़ी को सीधे सेटों में हराकर राउंड ऑफ 16 में प्रवेश किया।

# ऑलराउंडर की भूमिका को खत्म कर रहा इम्पैक्ट प्लेयर नियम : जोंटी रोड्स

**नई दिल्ली, एजेंसी।** लखनऊ सुपर जायंट्स के फील्डिंग कोच जोंटी रोड्स ने कहा कि वह इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के इम्पैक्ट प्लेयर नियम के बड़े फैन नहीं हैं, क्योंकि यह एक ऑलराउंडर की भूमिका को खत्म कर देता है। रोहित शर्मा जैसे प्रमुख प्लेयर भी चिंता व्यक्त कर चुके हैं कि यह नियम ऑलराउंडरों के विकास को हतोत्साहित करता है। जबकि, रविचंद्रन अश्विन जैसे एक और सीनियर का मानना है कि यह नियम खेल में एक मूल्यवान रणनीतिक फैक्ट जोड़ता है।

जोंटी रोड्स ने बात करते हुए कहा, मैं इम्पैक्ट प्लेयर नियम के सही उपयोग के पक्ष में हूं, क्योंकि खिलाड़ी लगभग फ्री होकर खेल रहे हैं। मैं केवल एक ऑलराउंडर की भूमिका के बारे में परेशान हूं। आपको टेस्ट क्रिकेट, 50 ओवर और अन्य सभी टी20 के लिए भी इसकी आवश्यकता होती है।

**उत्तराखंड प्रीमियर लीगः**

# पहले सीज़न से पहले की टीमों और उनके मालिकों की घोषणा




**देहरादून, एजेंसी।** देहरादून में शनिवार को आयोजित एक भव्य समारोह के दौरान क्रिकेट एसोसिएशन ऑफ उत्तराखण्ड (सीएयू) और आयोजनकर्ता एसएसपीएआरके स्पोर्ट्स एण्ड एंटरटेनमेन्ट ने उत्तराखण्ड प्रीमियर लीग (यूपीएल) के पहले सीज़न के लिए टीमों की घेषणा कर दी है। इनमें पांच पुरूष और तीन महिला टीमें पहले यूपीएल में चैम्पियन बनने के लिए मुकाबला करेंगी। सीएयू के सचिव माहिम वर्मा ने टीम के मालिकों और प्रतियोगिता की संस्थापक टीमों का परिचय दिया। उत्तराखण्ड के विभिन्न प्रतिभाशाली क्षेत्रों को प्रतिनिधित्व करने वाली पांच पुरूष टीमें देहरादून वॉरियर्सः जिनका स्वामित्व शैलेन्द्र भदौरिया के स्वामित्व की टीम, हरिद्वार स्प्रिंग एल्मस- फैयाजुद्दीन के स्वामित्व की टीम, नैनीताल एसजी पाइपर्स- डॉ रोहण गुप्ता के स्वामित्व की टीम, पिथौरागढ़ हरीकेन- प्रकाश सिंह एवं कृष्णा शेट्टी के स्वामित्व की टीम, उधम सिंह नगर इंडियन्स- सुभाष अरोड़ा के स्वामित्व की टीम हैं।

इसी तरह तीन महिला टीमें जो राज्य में महिला खेलों के प्रति रूचि और अवसरों को बढ़ाने में मुख्य भूमिका निभाएंगी। इनमें मसूरी थंडर्स- प्रकाश सिंह के स्वामित्व की टीम, नैनीताल एसजी पाइपर्स- डॉ रोहण गुप्ता के स्वामित्व की टीम, पिथौरागढ़ हरीकेन- कृष्णा शेट्टी के स्वामित्व की टीम शामिल हैं। ये टीमें न सिर्फ अपने-अपने शहरों के जोश और उत्साह का प्रतिनिधित्व करेंगी बल्कि पूरे उत्तराखण्ड राज्य का गौरव भी बढ़ाएंगी।

यूपीएल का उद्देश्य क्रिकेट के माध्यम से राज्य को एकजुट करना, तथा स्थानीय खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने का अवसर प्रदान करना है। देहरादून, हरिद्वार, नैनीताल, पिथौरागढ़ और उधम सिंह नगर से समुदायों को एकजुट कर यूपीएल उत्तराखण्ड की समृद्ध सांस्कृतिक धरोहर एवं खेल प्रतिभा का जश्न मनाने का वादा करता है।

टूर्नामेन्ट के प्रति आकर्षण को बढ़ावा देने के लिए यूपीएल ने लगभग 50 लाख की आकर्षक पुरस्कार राशि की घोषणा भी की है। पुरूष प्रतियोगिता के विजेताओं को रु 25 लाख की राशि जीतने का मौका मिलेगा, वहीं महिला प्रतियोगिता के चैम्पियनों को रु 7 लाख के पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा। रनर-अप्स को अच्छी पुरस्कार राशि से सम्मानित किया जाएगा, पुरूष एवं महिला टीमों को क्रमशः 12 लाख और रु 3 लाख के पुरस्कार मिलेंगे। इसके अलावा लीग व्यक्तिगत प्रतिभा को भी पहचानेगी, मैन्स प्लेयर ऑफ द सीरीज़ को रु 1 लाख तथा वुमेन्स प्लेयर ऑफ द सीरीज़ को रु 25000 का पुरस्कार मिलेगा।

घरेलू प्रतिभा को बढ़ावा देने की प्रतिबद्धता का प्रदर्शन करते हुए जय हिंद ऑटो टेक इंडस्ट्रीज़ ने मैन्स एवं वुमेन्स प्लेयर ऑफ द सीरीज़ को इलेक्ट्रिक बाईक एवं एक्टिवा देने की घोषणा भी की है। हर मैच को रोमांचक बनाने के लिए यूपीएल में सभी 16 मैचों के लिए रु 10000 का प्लेयर ऑफ द मैच अवॉर्ड भी दिया जाएगा। यह निवेश उत्तराखण्ड में क्रिकेट को बढ़ावा देने की यूपीएल की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। ऐसे आकर्षक प्रोत्साहन के साथ यूपीएल घरेलू क्रिकेट के क्षेत्र में नए बेंचमार्क स्थापित करने जा रही है। टीमों ने रविवार 1 सितम्बर 2024 को देहरादून में यूपीएल प्लेयर ड्राफ्ट में अपने मार्की प्लेयर्स का चुनाव करेंगी। इस आयोजन में टीम के मालिक पुरूष एवं महिला प्रतियोगिताओं के लिए प्रतिभाशाली खिलाड़ियों का चुनाव करेंगे। टीमें सबसे पहले एक-एक मार्की प्लेयर को चुनेंगी- पांच पुरूष टीमों के पास छह मार्की खिलाड़ियों- आकाश मधवाल, राजन कुमार, दीपक धपोला, आदित्य तारे और कुनाल चंदेला- में से चुनने का विकल्प होगा। इस बीच तीन मार्की महिला खिलाड़ी एकता बिष्ट, मानसी जोशी और नीलम बिष्ट भी महिला टीमों के लिए उपलब्ध होंगे।

इस अवसर पर माहिम वर्मा, सचिव, सीएयू ने कहा, ''उत्तराखण्ड प्रीमियर लीग सिर्फ एक टूर्नामेन्ट नहीं है, यह एक आंदेलन है जो पूरे उत्तराखण्ड राज्य को प्रोत्सिहत करेगा। यूपीएल के माध्यम से हम अपने राज्य की सर्वश्रेष्ठ क्रिकेट प्रतिभा का प्रदर्शन करना चाहते हैं, साथ ही क्षेत्र में खेलों के विकास को बढ़ावा देना चाहते हैं। यह देखकर अच्छा लगता है कि हमें इस लीग के लिए शानदार प्रक्रिया मिली है। क्रिकेट एसोसिएशन ऑफ उत्तराखण्ड की ओर से मैं यूपीएल परिवार का स्वागत करता हूं और कल के प्लेयर ड्राफ्ट के लिए शुभकामनाएं देता हूं।

हमें खुशी है कि हमने खिलाड़ियों के समग्र विकास को सुनिश्चित करने के लिए आकर्षक पुरस्कार राशि की घोषणा की है, ताकि वे अपने क्षेत्र में प्रगति जारी रख सकेंगे। वर्मा ने कहा यूपीएल की शुरूआत 15 सितम्बर 2024 को राजीव गांधी इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम देहरादून में होगी। ये मैच 22 सितम्बर तक खेले जाएंगे। पुरूष और महिला टीमों के बीच कुल 13 मैच होंगे और ग्राण्ड फिनाले के साथ चैम्पियन की घोषणा की जाएगी।

# 2024 के सीज़न के बाद ब्रावो लेंगे सीपीएल से संन्यास

**नई दिल्ली, एजेंसी।** टी20 क्रिकेट में सर्वाधिक विकेट लेने वाले गेंदबाज़ ड्वेन ब्रावो ने घोषणा की है कि वह कैरिबियाई प्रीमियर लीग (सीपीएल) के जारी सीज़न के बाद इस टूर्नामेंट को अलविदा कह देंगे। ट्रिनबैगो नाइट राइडर्स (टीकेआर) के इस सीज़न के पहले मुक़ाबले से पूर्व ब्रावो ने अपने संन्यास की घोषणा कर दी। ब्रावो ने इंस्टाग्राम पोस्ट में कहा, यह एक बेहतरीन यात्रा रही है। यह सीज़न कैरिबियाई लोगों के सामने मेरा अंतिम पेशेवर टूर्नामेंट होगा। टीकेआर ही वो जगह थी जहां से मेरे लिए हर चीज़ की शुरुआत हुई थी और अपनी टीम के साथ ही इस यात्रा का अंत होगा। ब्रावो सीपीएल में भी अभी तक के सबसे ज़्यादा विकेट लेने गेंदबाज़ हैं। उन्होंने 103 मैचों में 22.40 की औसत और 8.69 की इकॉनमी से 128 विकेट लिए हैं। ब्रावो ने सीपीएल से संन्यास टी20 क्रिकेट से संन्यास लेने के तीन साल बाद लिया है। ब्रावो ने 2021 के टी20 वर्ल्ड कप के शुरुआती चरण में ही वेस्टइंडीज़ के बाहर हो जाने के बाद टी20 को अलविदा कह दिया था। इसके बाद उन्होंने 2023 में आईपीएल से भी संन्यास ले लिया और उसके बाद से उन्होंने चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) के गेंदबाज़ी कोच की भूमिका निभाई है।



सीपीएल में ब्रावो के पास पांच ट्रॉफ़ी हैं, जिनमें तीन उन्होंने टीकेआर का हिस्सा रहते हुए जीती हैं। ब्रावो अपने सीपीएल करियर का अंत भी ट्रॉफ़ी के साथ करने की उम्मीद कर रहे हैं। सेंट किट्स एंड नेविस पेट्रियट्स को अपनी कप्तानी में 2021 में सीपीएल जिताने से पहले ब्रावो ने 2017 और 2018 में टीकेआर को लगातार दो ट्रॉफ़ी जिताई थीं।

हालांकि 2020 में टीकेआर के ख़िताबी सीज़न में ब्रावो एक खिलाड़ी के तौर पर टीम का हिस्सा थे। उसी सीज़न वह टी20 क्रिकेट में 500 विकेट लेने वाले पहले गेंदबाज़ भी बने थे।

सीपीएल 2024 घरेलू सरज़मीं पर ब्रावो का अंतिम टूर्नामेंट होगा, हालांकि वह दुनिया के अन्य हिस्सों में खेली जाने वाली टी20 लीग का हिस्सा बने रहेंगे। वह आईएल टी20 में एमआई एमिरेट्स का हिस्सा हैं, जबकि मेजर क्रिकेट लीग (एमएलसी) में टेक्सास सुपर किंग्स (टीएसके) का हिस्सा हैं।

# सीपीएल फ्रेंचाइजी सेंट लूसिया किंग्स ने नई टीम जर्सी लॉन्च की




**नई दिल्ली, एजेंसी।** सेंट लूसिया किंग्स ने कैरेबियन प्रीमियर लीग 2024 के लिए अपनी नई जर्सी का अनावरण किया। किंग्स अपने अभियान की शुरुआत सोमवार को एसकेएन पैट्रियट्स के खिलाफ करेंगे।

नई जर्सी को खिलाड़ियों की सुविधा के लिए एक नई तकनीक के साथ डिजाइन किया गया है। जर्सी के रंग सेंट लूसियन ध्वज को दर्शाते हैं। जर्सी का इस तरह का डिजाइन रखने का मुख्य उद्देश्य खिलाड़ियों के अंदर अपनी पहली चैंपियनशिप जीतने की आग को हवा देना है।

सेंट लूसिया किंग्स के मुख्य कोच डैरेन सैमी ने कहा, जर्सी के रंग राष्ट्र का प्रतिनिधित्व करने में हमारे गर्व को दर्शाते हैं। इस साल ओलंपिक में सेंट लूसिया की सफलता के साथ, हम एक अच्छा प्रदर्शन करने और खिताब के दावेदारों में से एक बनने के लिए और भी अधिक प्रेरित हैं। हम शुरुआत करने के लिए और इंतजार नहीं कर सकते। सेंट लूसिया किंग्स ने अभी तक कोई खिताब नहीं जीता है, लेकिन पिछले तीन सालों में दो बार फाइनल में पहुंची है। पिछले सीजन में फ्रेंचाइजी प्लेऑफ चरण में पहुंची थी, लेकिन एलिमिनेटर में जमैका तल्लावाह से हार गई थी। कप्तान फाफ डु प्लेसिस ने कहा, मैं मैदान पर लौटने का इंतजार नहीं कर सकता। आज नई जर्सी पहनने से मुझे एक बार फिर महसूस हुआ है कि मैं एक बड़े उद्देश्य का हिस्सा हूं और इस टीम को ट्रॉफी तक ले जाने की जिम्मेदारी मुझ पर है। हम मैच दर मैच आगे बढ़ेंगे और अपना उत्साह बनाए रखेंगे। हमारा लक्ष्य अपने प्रशंसकों को खुश करने के लिए अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना है।

# मेदवेदेव चौथे दौर में, सिनर ने ओकोनेल को हरा दिया

**न्यूयॉर्क, एजेंसी।** नंबर 5 सीड रूसी दानिल मेदवेदेव हार्ड कोर्ट मेजर के चौथे दौर में प्रवेश करने के लिए नंबर 31 सीड फ्लेवियो कोबोली को लगातार सेटों में हराकर पूर्व यूएस ओपन चैंपियन के एलिमिनेशन के सिलसिले को रोकने में कामयाब रहे जबकि विश्व के नंबर एक खिलाड़ी जानिक सिनर ने आसानी से चौथे दौर में जगह बना ली। मेदवेदेव ने युवा इतालवी कोबोली को दो घंटे, 18 मिनट में 6-3, 6-4, 6-3 से हरा दिया और पुर्तगाल के नूनो बोर्गेस के साथ चौथे दौर की भिड़ंत तय की, जिन्होंने लगभग चार घंटे तक चले अपने पांच सेटों के राउंड 3 मुकाबले में जैकब मेन्सिक को हराया।



पूर्व चैंपियन नोवाक जोकोविच और कार्लोस अल्काराज के आश्चर्यजनक रूप से बाहर होने के बाद, 2021 यूएस ओपन विजेता मेदवेदेव अब फ्लशिंग मीडोज में सीज़न के आखिरी मेजर में बचे एकमात्र पूर्व चैंपियन हैं। नंबर 10 सीड ऑस्ट्रेलिया के एलेक्स डी मिनौर ने 56 विनर लगाए और अपनी शानदार कोर्ट स्पीड का इस्तेमाल करते हुए ब्रिटेन के गैरवरीय डेनियल इवांस को दो घंटे 48 मिनट में 6-3, 6-7(4), 6-0, 6-0 से हरा दिया।

यह लगातार दूसरे वर्ष उनका यूएस ओपन का चौथा राउंड है। फ्लशिंग मीडोज में उनका सर्वश्रेष्ठ परिणाम 2020 में क्वार्टरफाइनल फिनिश था। 25 वर्षीय डी मिनौर यह उपलब्धि हासिल करने वाले प्रतिष्ठित आस्ट्रेलियाई खिलाड़ियों लेटन हेविट (2004), जॉन न्यूकॉम्ब (1969), रॉय एमर्सन (1969), टोनी रोश (1969), रॉड लेवर (1969) और फ्रेड स्टोल (1969) की सूची में शामिल हो गए।

इस साल की शुरुआत में रौलां गैरो और विंबलडन में क्वार्टर फाइनल में पहुंचने वाले डी मिनौर का अगला मुकाबला साथी ऑस्ट्रेलियाई जॉर्डन थॉम्पसन के खिलाफ राउंड 4 मैच होगा। करियर आमने-सामने की बैठकों में वह थॉम्पसन से 4-1 से आगे हैं। अपने सबसे हालिया मैच में, डी मिनौर ने 2022 में मियामी के दूसरे दौर में थॉम्पसन को 6-2, 6-3 से हराया था।

अन्य मेगा एक्शन में, वर्ल्ड नंबर 1 सिनर ने वर्ल्ड नंबर 87 ओकोनेल को 6-1, 6-4, 6-2 से हराया, पूरे मैच में 15 एस लगाए और पांच ब्रेक प्वाइंट को भुनाकर चौथे राउंड में पहुंच गए। मौजूदा ऑस्ट्रेलियन ओपन चैंपियन सिनर ने एक घंटे और 53 मिनट में सीज़न की अपनी 51वीं जीत पूरी की। क्वार्टर फाइनल में जगह बनाने के लिए उनका मुकाबला 14वीं वरीयता प्राप्त टॉमी पॉल से होगा।

ब्रिटिश नंबर एक जैक ड्रेपर भी बोटिक वैन डी ज़ैंडस्चुल्प पर 6-3, 6-4, 6-2 की शानदार जीत के साथ यूएस ओपन के चौथे दौर में पहुंच गए। यह जीत ड्रेपर के सर्वश्रेष्ठ ग्रैंड स्लैम प्रदर्शन से मेल खाती है, और अगले दौर में उनका सामना चेक खिलाड़ी टॉमस मचाक से होगा। 25वीं वरीयता प्राप्त ड्रेपर क्वार्टर फाइनल में जगह बनाने के लिए दुनिया के 39वें नंबर के खिलाड़ी टॉमस मचाक से भिड़ेंगे। मचाक अपने एटीपी हेड-टू-हेड में ड्रेपर से 1-0 से आगे है, चेक ने इस साल के गोनेट जिनेवा ओपन में ड्रेपर को 7-6(6), 6-1 से हराया था।

ड्रेपर का चौथे राउंड तक पहुंचना उनके चुनौतीपूर्ण 2023 सीज़न को देखते हुए विशेष रूप से उल्लेखनीय है, जो कंधे की चोट से ग्रस्त थे , जिसने उनके प्रदर्शन को प्रभावित किया था और उन्हें विंबलडन सहित ग्रास-कोर्ट सीज़न से बाहर रखा।

ड्रेपर का चौथे दौर तक पहुंचना उनके कठिन 2023 अभियान के मद्देनजर विशेष रूप से उल्लेखनीय है।

# इंग्लैंड के सबसे महान बल्लेबाज हैं जो रूटः माइकल वॉन

**लंदन, एजेंसी।** जो रूट के 34 टेस्ट शतकों के प्रभावशाली मील के पत्थर ने क्रिकेट के दिग्गजों में प्रशंसा की लहर पैदा कर दी है, जिसमें इंग्लैंड के पूर्व कप्तान माइकल वॉन ने 33 वर्षीय खिलाड़ी को देश का सबसे महान बल्लेबाज घोषित किया है।

जो रूट ने गुरुवार को लॉर्ड्स में श्रीलंका के खिलाफ दूसरे टेस्ट के पहले दिन अपना 33वां टेस्ट शतक जड़ा और इंग्लैंड के दिग्गज एलिस्टर कुक के सबसे ज्यादा टेस्ट शतक बनाने के मामले में बराबरी कर ली। उन्होंने शनिवार को अपना दूसरा शतक जड़ते हुए एलिस्टर कुक को पीछे छोड़ दिया और टेस्ट क्रिकेट में सबसे ज्यादा शतक बनाने वाले इंग्लैंड के खिलाड़ी बन गए।

वॉन ने बीबीसी टेस्ट मैच स्पेशल से कहा, यह एक बड़ी उपलब्धि है। यह मुकाम उन्होंने अपनी तकनीक और क्षमता से हासिल किया। जो रूट एक दिग्गज बल्लेबाज और एक बेहतरीन रोल मॉडल भी हैं। साथ ही वह एक शानदार इंसान और बेहतरीन खिलाड़ी हैं। रूट के हालिया प्रदर्शन में उन्होंने इंग्लैंड की पहली पारी में 143 और दूसरी पारी में 103 रन बनाए, जिससे इंग्लैंड ने श्रीलंका के सामने 483 रनों का मुश्किल लक्ष्य रखा। वॉन ने आसानी से रन बनाने में रूट की क्षमता पर कहा, विपक्ष को हमेशा ऑफ साइड में स्क्वायर के पीछे चार फील्डर रखने पड़ते हैं क्योंकि रूट वहां काफी आसानी से शॉट खेलते हैं। वह सामान्य रूप से खेल रहे हैं, बिना कोई जोखिम लिए स्ट्राइक रोटेट कर रहे हैं। कितनी बार आप देखते हैं कि उन्होंने कुछ ही समय में 25 रन बना लिए हैं? अनेक पुरस्कारों के बावजूद रूट, जिन्होंने 10 देशों के खिलाफ शतक बनाए हैं, अभी तक ऑस्ट्रेलिया में शतक नहीं बना पाए हैं, जो उनके शानदार रिकॉर्ड के लिए एक बड़ा दाग है। उनके खेल में केवल एक ही चीज की कमी है, वह है ऑस्ट्रेलिया में उनका बड़ा शतक। लेकिन मैं कल्पना नहीं कर सकता कि अगले साल ऑस्ट्रेलिया में एशेज में वे इन आंकड़ों को नहीं बदलेंगे। कुक, जो 2012 में रूट के डेब्यू के समय कप्तान थे। वे भी रूट की शानदार बल्लेबाजी से खुश नजर आए। उन्होंने कहा, मुझे नहीं लगता कि किसी अन्य बल्लेबाज में इतनी आसानी से रन बनाने की क्षमता है। हमारे समय में केवल वॉन और इयान बेल जैसे इंग्लैंड के कुछ बहुत ही शानदार बल्लेबाज हुए हैं। लेकिन रूट इस स्तर से कहीं ऊपर नजर आते हैं।





# बॉक्सिंगः मुक्केबाजी का भविष्य अधर में लटका, एशियाई संघ ने आईबीए के पक्ष में मतदान किया

**नईदिल्ली, एजेंसी।** मुक्केबाजी का ओलंपिक में भविष्य पहले ही अधर में लटका है और अब इस खेल की एशियाई संचालन संस्था ने निलंबित अंतरराष्ट्रीय मुक्केबाजी संघ (आईबीए) के पक्ष में मतदान करके उसकी मुश्किलें बढ़ा दी हैं। गुप्त मतदान के जरिए किए गए मतदान में 21 देशों ने आईबीए के साथ बने रहने के पक्ष में जबकि 14 देशों ने इस खेल के संचालन के लिए गठित की गई नई संस्था वर्ल्ड बॉक्सिंग में शामिल होने के पक्ष में मतदान किया।

भारत के अलावा जिन अन्य देशों ने मतदान में भाग लिया उनमें बहरीन, भूटान, ब्रुनेई, कंबोडिया, चीन, चीनी ताइपे, तिमोर लेस्ते, हांगकांग, इंडोनेशिया, ईरान, इराक, जापान, जॉर्डन, कजाकिस्तान, किर्गिस्तान, लाओस, लेबनान, मकाऊ, मलेशिया, म्यांमार, नेपाल, पाकिस्तान, फिलिस्तीन, फिलीपींस, कतर, सऊदी अरब, सिंगापुर, श्रीलंका, सीरिया, ताजिकिस्तान, थाईलैंड, तुर्कमेनिस्तान, संयुक्त अरब अमीरात, उज्बेकिस्तान, वियतनाम और यमन शामिल थे। भारत ने पर्यवेक्षक के रूप में भाग लिया।

आईबीए का अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति (आईओसी) के साथ विवाद चल रहा है। आईओसी ने तोक्यो और पेरिस खेलों के लिए ओलंपिक क्वालिफिकेशन प्रक्रिया की जिम्मेदारी संभाली थी। एशियाई मुक्केबाजी परिसंघ (एएसबीसी) का वर्ल्ड बॉक्सिंग में शामिल होने से इनकार करने के इस फैसले के बाद लॉस एंजिल्स में 2028 में होने वाले ओलंपिक खेलों में मुक्केबाजी को शामिल करने को लेकर परेशानियां बढ़ गई हैं।



मतदान के बाद आईबीए ने वर्ल्ड बॉक्सिंग पर निशाना साधते हुए कहा कि नई संस्था के पास प्रमुख अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताएं आयोजित करने के लिए साधन की कमी है। आईबीए ने एक बयान में कहा, %वर्ल्ड बॉक्सिंग के पास प्रमुख अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं के आयोजन के लिए किसी तरह का वित्त, विशेषज्ञता और समर्थन नहीं है। उनका मुक्केबाजी को आगे बढ़ाने का कोई इरादा नहीं है।

एशियाई संस्था के समर्थन का स्वागत करते हुए आईबीए ने कहा कि इससे पिछले कुछ वर्षों में उसके अच्छे कामकाज की पुष्टि होती है। बयान में कहा गया, यह निर्णय (एएसबीसी द्वारा) दुनिया भर में मुक्केबाजी के विकास के लिए की गई आईबीए की वर्षों की कड़ी मेहनत और आईबीए मुक्केबाजी परिवार की सच्ची एकता को दर्शाता है।

आईबीए ने उन राष्ट्रीय महासंघों पर भी निशाना साधा जिन्होंने गुप्त मतदान के दौरान उसके खिलाफ मतदान किया था। उसने बयान में कहा, ऐसे संगठन में शामिल होने का कोई औचित्य नहीं है जिसका मुक्केबाजी को आगे बढ़ाने का कोई इरादा नहीं है बल्कि केवल अपने नेतृत्व की व्यक्तिगत महत्वाकांक्षाओं को पूरा करना है। जहां तक भारत का सवाल है तो भारतीय मुक्केबाजी महासंघ (बीएफआई) मई में वर्ल्ड बॉक्सिंग में शामिल होने पर सहमत हो गया था।

## संक्षिप्त समाचार

### छत्तीसगढ़ की भाजपा सरकार की कॉपी कर हेमंत सरकार ने लागू की मंईयां सम्मान योजना



**गिरिडीह, एजेंसी।** छत्तीसगढ़ के भाजपा सरकार के डिप्टी सीएम विजय कुमार शर्मा बीते शनिवार शाम को गिरिडीह पहुंचे। इस दौरान पचंबा स्थित हरिचक में पार्टी कार्यालय में कार्यकर्ताओं ने उप मुख्यमंत्री विजय कुमार शर्मा का पूरे गर्मजोशी के साथ स्वागत किया। उन्हें बड़ी माला पहनाई गई और भगवा टोपी पहनाकर सम्मानित किया। मौके पर जिले के छह विस के मंडल अध्यक्षों और पन्ना प्रमुखों समेत अलग-अलग जिलों से आएं गिरिडीह के छह विस के विस्तारकों से संवाद के बाद पत्रकारों से बातचीत के क्रम में उपमुख्यमंत्री विजय कुमार शर्मा ने कहा कि भाजपा गिरिडीह के छह विस सीटों पर चुनाव लड़ने के लिए तैयार है। जब डुमरी उपचुनाव को लेकर आजसू के चुनाव लड़ने से जुड़ा सवाल पूछा गया तो डिप्टी सीएम विजय कुमार शर्मा ने कहा कि सरकार बनाने के लिए छह विस सीटों पर भाजपा का चुनाव लड़ना तय है। बातचीत के क्रम में असम में हिमंता बिस्वा शरमा द्वारा जुम्मे की नमाज के दौरान विस में दो घंटे के जुम्मा ब्रेक पर पांबदी लगाने से जुड़े सवाल पर उप मुख्यमंत्री समाज में समरसता होना चाहिए का हवाला देकर चुप हो गए। डिप्टी सीएम ने कहा कि अब तक हर विस चुनाव पार्टी कमल फूल के चिन्ह पर लड़ती आई है और झारखंड विस चुनाव भी कमल फूल पर लड़ा जाएगा। चुनाव जीतने के बाद कार्यकर्ताओं के सुझाव पर फैसला लिया जाएगा। इस दौरान उपमुख्यमंत्री ने झामुमो और कांग्रेस पर जमकर हमला बोला। उन्होंने कहा कि उन्हें भाजपा की चिंता करने की जरुरत नहीं। वो चुनाव को लेकर अपने दलों के बारे सोचें, भाजपा में चार पूर्व मुख्यमंत्री है तो चुनाव के बाद सीएम का नाम स्वतः तय हो जाएगा। विजय कुमार शर्मा ने कहा कि अब हेमंत सरकार का सिर्फ 1 महीने का वक्त रह गया है। ऐसे में अभी कई और बड़ी घोषणा होना है। उसी में बिजली बिल माफी और महिलाओं को एक हजार का मातारी योजना भी शामिल है, लेकिन एक माह में कितने महिलाओं को हेमंत सरकार एक-एक हजार दे पाएगी, यही देखना है। इसी से जुड़े सवाल पर उप मुख्यमंत्री ने इशारों में हेमंत सरकार के योजना को रेवड़ी बांटने से इंकार करते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ में यह योजना कई महीनों से लागू है। छत्तीसगढ़ के भाजपा सरकार के तर्ज पर हेमंत सरकार ने योजना को लागू किया है।

### भाजपा नेता ने की फ्लाईओवर ब्रिज की मांग

**बढ़नी, एजेंसी।** बढ़नी में पचपेड़वा तिराहे से कस्बे में आने वाली मेन सड़क पर रेलवे क्रासिंग बंद होने से आए दिन जाम लग जाता है। भाजपा व्यापार प्रकोष्ठ के नेता प्रदीप कमलापुरी ने डीएम से मिलकर फ्लाईओवर बनवाने की मांग की है। डीएम को दिए पत्र में कहा है कि कस्बे से सटा नेपाल बॉर्डर होने से मेन सड़क से प्रति दिन लगभग एक हजार वाहन गुजरते हैं। रेलवे क्रासिंग बंद रहने पर घंटो लोगों की जाम की समस्या से जूझना पड़ता है। इससे कस्बे के लोगों का व्यापार इत्यादि प्रभावित होता है। उन्होंने रेलवे क्रासिंग पर फ्लाई ओवर ब्रिज बनवाने मांग की है।

### सितंबर में अमेरिका के दौर पर जाएंगे राहुल गांधी, सैम पित्रोदा ने दी जानकारी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी सितंबर में अमेरिका के एक छोटे दौर पर जाएंगे। इंडियन ओवरसीज कांग्रेस के चेयरमैन सैम पित्रोदा ने इसकी जानकारी दी। राहुल का यह दौरा सितंबर के दूसरे हफ्ते में होगा। इस दौरान वह भारतीय प्रवासी, शिक्षाविद, बिजनसमैन, लीडर्स, मीडिया, टेक्नोक्रेट्स और अन्य कई व्यक्तियों के साथ बातचीत करेंगे। यह नेता प्रतिपक्ष बनने के बाद राहुल गांधी का पहला दौरा है। सैम पित्रोदा ने एक वीडियो के जरिए राहुल गांधी के दौरे के बारे में बताया।

# गुरुग्राम मेट्रो ने एक और अहम पड़ाव किया पार, लोगो और टैग लाइन का चयन; नए रूट से इन इलाकों को होगा फायदा

**गुरुग्राम , एजेंसी।**
गुरुग्राम मेट्रो रेल लिमिटेड के लोगो और टैग लाइन का चयन कर लिया गया है। भारत सरकार और हरियाणा सरकार ने मिलेनियम सिटी सेंटर से साइबर सिटी तक मेट्रो कनेक्टिविटी की परियोजना को कार्यान्वित करने के लिए गुरुग्राम मेट्रो रेल लिमिटेड (जीएमआरएल) नाम की कंपनी बनाई थी। यह भारत सरकार (जीओआई) और हरियाणा सरकार (जीओएच) की एक संयुक्त उद्यम कंपनी है, इसमें दोनों सरकारों का 50-50 इक्विटी का योगदान है।

जीएमआरएल कंपनी को अलग से पहचान देने के लिए उसका लोगो और टैग लाइन तैयार करने के लिए जुलाई में प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में देशभर से 1434 लोगों ने हिस्सा लिया। इनमें से लोगो भार्गव भावसार और टैग लाइन मीना कुमारी की पंसद आई। दोनों को विजेता भी घोषित किया गया। लोगो और टैगलाइन प्रविष्टियों के मूल्यांकन के बाद, विजेता प्रविष्टियों को उनकी रचनात्मकता, मौलिकता,



संरचना, तकनीकी उत्कृष्टता, कलात्मक योग्यता और दृश्य प्रभाव के तत्वों के आधार पर चुना गया। अब कंपनी जल्द ही इसे अधिकारिक रूप से लॉन्च करने की तैयारी में है। भार्गव भावसार ने लोगो के ऊपर जीएमआरएल का जी बनाया है, जिससे कंपनी के बारे में पूरी जानकारी मिलती है। मीना कुमारी ने टैग लाइन में लिखा कि जीएमआरएल स्विफ्ट, सुरक्षित और टिकाऊ है। इसको पंसद किया गया। जीएमआएल के अधिकारियों ने बताया टैग लाइन और लोगो अब फाइनल हो गया है। जल्द ही आचार संहिता के बाद इसको लॉन्च कर दिया जाएगा। टैग लाइन और लोगो से कंपनी का काम और विजन दोनों के बारे में लोगों को पता चल सकेगा। जीएमआरएल को पहचान प्रदान करने के लिए,रचनात्मक और मूल लोगो और कंपनी के सार को बताने वाली एक आकर्षक टैगलाइन डिजाइन करने के लिए भारत सरकार के सहयोग से एक प्रतियोगिता आयोजित की गई थी। प्रतियोगिता में प्रविष्टियां जमा करने का अंतिम दिन 21 जुलाई था। इस प्रतियोगिता में एक हजार 434 प्रविष्टियां प्राप्त हुई थीं। इस दौरान सबका मूल्यांकन किया गया। 28 अगस्त को विजेता घोषित किए। बता दें कि, मिलेनियम सिटी सेंटर मेट्रो स्टेशन से लेकर साइबर सिटी मेट्रो स्टेशन तक मेट्रो रूट की लंबाई करीब 28.5 किलोमीटर है। यह मेट्रो सेक्टर-45, साइबर पार्क, सेक्टर-47, सुभाष चौक, सेक्टर-48, सेक्टर-72ए, हीरो होंडा चौक, उद्योग विहार फेज छह, सेक्टर-10, 37, गांव बसई, सेक्टर-नौ, सात, चार, पांच, अशोक विहार, सेक्टर-तीन, बजघेड़ा रोड, पालम विहार एक्सटेंशन, पालम विहार, सेक्टर-23ए, सेक्टर-22 से उद्योग विहार होते हुए गुजरेगी।

## जिन्ना की सोच थी धारा 370, भाजपा ने बाबा साहब का संविधान लागू किया: केंद्रीय मंत्री जी किशन रेड्डी

**श्रीनगर, एजेंसी।** केंद्रीय मंत्री और जम्मू कश्मीर भाजपा के चुनाव प्रभारी जी किशन रेड्डी ने कहा है कि आर्टिकल 370 मुहम्मद अली जिन्ना के संविधान को दर्शाता था। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा ने इसे हटाकर बाबा साहब का संविधान लागू कर दिया। जम्मू पश्चिम विधानसभा क्षेत्र में शनिवार को भाजपा उम्मीदवार अरविंद गुप्ता के समर्थन में एक जनसभा को संबोधित करते हुए रेड्डी ने कहा, हमने जिन्ना के संविधान - धारा 370 को हटा दिया और भारत रत्न बाबा साहेब के संविधान को लागू किया। केंद्रीय मंत्री ने धारा 370 को बहाल करने के नेशनल कॉन्फ्रेंस के हालिया वादों की भी निंदा की और इसे दोहरे झंडे की वापसी संग आतंकवादियों को सशक्त बनाने की खतरनाक साजिश बताया। उन्होंने तर्क दिया कि जम्मू-कश्मीर के लोग पंचायती राज संस्थाओं और नगर निगमों जैसे स्थानीय निकायों को मजबूत करने के हकदार हैं। उन्होंने मतदाताओं से वंशवादी राजनीति के बजाय समृद्धि को चुनने का आग्रह किया। रेड्डी ने कहा, यह चुनाव एक आंदोलन है जिसका उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि एनसी, कांग्रेस या पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी (पीडीपी) जैसी कोई भी पार्टी जम्मू-कश्मीर में आम लोगों के अधिकारों को कभी नहीं छीन सकती।

भाजपा जम्मू-कश्मीर चुनाव प्रभारी ने कहा कि हमारा विजन जनसंघ के संस्थापक श्यामा प्रसाद मुखर्जी की विरासत को दर्शाता है, जिन्होंने इस क्षेत्र को वंशवादी शासन और विभाजनकारी राजनीति से बचाने की मांग की थी। उन्होंने दावा किया कि भाजपा के नेतृत्व में, जम्मू-कश्मीर में उग्रवाद अपने अंत के करीब है, और यह क्षेत्र शांति और समृद्धि के चरण में प्रवेश कर रहा है।



## ग्रेटर नोएडा में गौर सिटी टाउनशिप की 20 से अधिक सोसाइटियों में दूर होगी पानी की किल्लत

**ग्रेटर नोएडा , एजेंसी।** ग्रेटर नोएडा वेस्ट की गौर सिटी टाउनशिप की 20 से अधिक सोसाइटियों के लिए अच्छी खबर है। शहर के सेक्टरों और आसपास के गांवों में पानी की किल्लत दूर करने के लिए प्राधिकरण ट्यूबवेलों (नलकूपों) की संख्या बढ़ाने के साथ 8 नलकूपों का पुन विकास करेगा। इसका ऐक्शन प्लान तैयार कर लिया गया है। पहले चरण में नौ नए नलकूप स्थापित किए जाएंगे। इसका सबसे ज्यादा फायदा फिलहाल ग्रेटर नोएडा वेस्ट स्थित गौर सिटी टाउनशिप के अंतर्गत आने वाली 20 से अधिक सोसाइटियों को मिलेगा। इस पर लगभग चार करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे। भूजल के साथ आगामी नवंबर माह तक पूरी क्षमता के साथ गंगाजल की आपूर्ति का भी दावा किया जा रहा है।

ग्रेटर नोएडा के आवासीय और औद्योगिक सेक्टरों के अलावा क्षेत्र के 122 गांवों में जलापूर्ति की जिम्मेदारी प्राधिकरण के ऊपर है।

## जम्मू-कश्मीर विधानसभा चुनाव के लिए कांग्रेस ने जारी की 40 स्टार प्रचारकों की लिस्ट

**जम्मू-कश्मीर, एजेंसी।** जम्मू-कश्मीर विधानसभा चुनाव के पहले चरण के लिए कांग्रेस ने अपने 40 स्टार प्रचारकों की लिस्ट जारी कर दी है। इस लिस्ट में कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, सीपीपी चेयरपर्सन सोनिया गांधी और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी का नाम शामिल हैं।

जम्मू-कश्मीर में पहले चरण के लिए 18 सितंबर को वोटिंग होगी। कांग्रेस पार्टी ने पहले चरण के लिए 40 स्टार प्रचारकों की लिस्ट शनिवार को जारी की है। कांग्रेस महासचिव केसी वेणुगोपाल द्वारा जारी सूची में जयराम रमेश, अंबिका सोनी, अजय माकन, सलमान खुर्शीद और कन्हैया कुमार का नाम शामिल है। इसके अलावा इस लिस्ट में हिमाचल के मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू, पंजाब के पूर्व सीएम चरणजीत सिंह चन्नी, राजस्थान के पूर्व डिप्टी सीएम सचिन पायलट को भी जगह मिली है।

# गाजियाबाद में ऑटो-रिक्शा में एमबीए छात्र से लूट, कई किलोमीटर पैदल चल पहुंचा घर, अब सदमे में

**गाजियाबाद , एजेंसी।**
गाजियाबाद में लूट की सनसनीखेज वारदात सामने आई है। पुलिस ने बताया कि 29 अगस्त को तड़के गाजियाबाद जंक्शन पर ट्रेन से उतरने के बाद एक 20 वर्षीय एमबीए छात्र से ऑटो-रिक्शा में लूट की वारदात हुई। हथियारबंद लुटेरों ने बंदूक की नोक पर एमबीए छात्र को कथित तौर पर लूट लिया। पुलिस ने बताया कि यह घटना सुबह करीब 4.30 बजे तब हुई जब पीड़ित ने लगभग 3 किलोमीटर दूर कैलाश नगर में अपने माता-पिता के घर जाने के लिए एक ऑटो-रिक्शा किराए पर लिया था।

पीड़ित की पहचान अभिषेक मिश्रा के रूप में हुई है। वह वाराणसी का मूल निवासी है। पुलिस अधिकारी ने बताया कि बदमाशों ने वारदात को अंजाम देकर पीड़ित युवक को एक अज्ञात स्थान पर फेंक



दिया। वहां से उसे दिल्ली के तिलक ब्रिज रेलवे स्टेशन तक पहुंचने के लिए कई किलोमीटर पैदल चलना पड़ा। पीड़ित युवक ने गाजियाबाद में अपने घर पहुंचने के लिए एक यात्री से मदद मांगी। पीड़ित छात्र एमबीए की पढ़ाई के लिए अंतिम वर्ष में है।

पुलिस के मुताबिक, छात्र हरदोई में एक प्रवेश परीक्षा देकर लौट रहा था। उसने लखनऊ से गाजियाबाद के लिए ट्रेन का टिकट लिया था। उसके पिता राजेश कुमार मिश्रा ने बताया कि जैसे ही अभिषेक पास की एक चाय की दुकान से निकला, दो और यात्री ऑटो में सवार हो गए। बाद में जीटी रोड फ्लाईओवर के पास तीन और यात्री सवार हो गए। जब पीड़ित छात्र ने अतिरिक्त यात्रियों पर आपत्ति जताई, तो चालक ने ऑटो को न्यू लिंक रोड पर विजय नगर की ओर बढ़ा दिया। अभिषेक के पिता ने बताया कि बदमाशों ने अभिषेक से करीब 8,800 रुपये छीन लिए। जब वह ऑटो से बाहर निकला और पीछे चल रहे दूसरे ऑटो से मदद मांगी, तो दूसरे वाहन में सवार तीन लोगों ने उसे जबरन पहले ऑटो में बैठा दिया। ये लोग लुटेरों के साथी थे। इन बदमाशों ने पीड़ित का मोबाइल फोन छीन लिया। बदमाशों ने छात्र से ऑनलाइन वॉलेट का पिन मांगा, जब छात्र ने पिन देने से इनकार कर दिया तो उसकी पिटाई की गई। लूट को अंजाम देने के बाद बदमाशों ने पीड़ित छात्र को एक अज्ञात, सुनसान जगह पर फेंक दिया। इसके बाद पीड़ित छात्र अभिषेक रेलवे ट्रैक के किनारे कई किलोमीटर तक पैदल चलता रहा। वह पैदल चलकर दिल्ली के तिलक ब्रिज रेलवे स्टेशन पर पहुंचा। वहां उसने एक यात्री से मदद मांगी और सुबह करीब 11.30 बजे गाजियाबाद में अपने घर पहुंचा। पीड़ित पिता ने बताया कि घटना के बाद अभिषेक को बुखार हो गया और वह सदमे की स्थिति में है।

# बांग्लादेश में बाढ़ से मरने वालों की संख्या बढ़कर 59 हुई, करीब 54 लाख लोग प्रभावित

**ढाका , एजेंसी।** बांग्लादेश में आई विनाशकारी बाढ़ से देश के 11 जिलों में करीब 54 लाख लोग प्रभावित हुए हैं। वहीं, बाढ़ से जुड़ी घटनाओं में छह महिलाओं और 12 बच्चों सहित कम से कम 59 लोगों की मौत हो गई है। अधिकारियों ने शनिवार को यह जानकारी दी। आपदा प्रबंधन एवं राहत मंत्रालय ने बाढ़ की स्थिति पर अद्यतन जानकारी देते हुए बताया कि सबसे अधिक मौतें कुमिल्ला और फेनी जिलों में हुई हैं, जो कि भारत के पूर्वोत्तर भाग में त्रिपुरा की सीमा से सटे हैं। मंत्रालय के मुताबिक दोनों जिलों में क्रमशः 14 और 23 लोगों की मौत हुई है।

बांग्लादेश के डेल्टा क्षेत्र और ऊपरी भारतीय क्षेत्रों में भारी बारिश की वजह से आई बाढ़ से बांग्लादेश करीब दो सप्ताह से प्रभावित है। इसकी वजह से लोगों और मवेशियों की मृत्यु हुई, हजारों लोगों का विस्थापित होना पड़ा है एवं संपत्ति को नुकसान पहुंचा है। देश में राजनीतिक परिवर्तन के बीच नवगठित अंतरिम सरकार के लिए यह एक बड़ी प्रशासनिक चुनौती के रूप में उभरी है। सरकारी समाचार एजेंसी बांग्लादेश संगबाद संघथा (बीएसएस) ने आपदा प्रबंधन एवं



राहत मंत्रालय के अधिकारियों के हवाले से बताया, ''बाढ़ से 11 जिलों के 504 यूनियन और नगर पालिकाओं में 54,57,702 लोग प्रभावित हुए हैं। करीब सात लाख परिवार अभी भी बाढ़ में फंसे हुए हैं, जबकि करीब चार लाख लोग 3,928 राहत शिविरों में रहने को मजबूर हैं। खबर के मुताबिक कुल 36,139 मवेशियों को भी वहां आश्रय दिया गया है। अधिकारियों ने बताया कि जैसे-जैसे स्थिति में सुधार हो रहा है, लोग घर लौट रहे हैं, जबकि बाढ़ प्रभावित जिलों में संचार व्यवस्था सामान्य हो गई है। मौसम वैज्ञानिकों के मुताबिक मूसलाधार बारिश के अलावा, उफनती नदियां, अल नीनो और जलवायु परिवर्तन की घटनाएं देश में विनाशकारी बाढ़ के लिए जिम्मेदार हैं।

## इराक के सलाहुद्दीन प्रांत में बम धमाका, दो नागरिकों की मौत

**बगदाद, एजेंसी।** इराक के सलाहुद्दीन प्रांत में हुए बम धमाके में दो लोगों की मौत हो गई है। एक पुलिस अधिकारी ने घटना की पुष्टि की है। अधिकारी के अनुसार, बगदाद के उत्तर में स्थित सलाहुद्दीन प्रांत में इस्लामिक स्टेट (आईएस) समूह द्वारा एक बम रखा गया था। अचानक विस्फोट हो गया और इसकी चपेट में आने से दो नागरिकों की मौत हो गई और एक अन्य घायल हो गया। समाचार एजेंसी शिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, सलाहुद्दीन प्रांत के बैजी शहर में शनिवार को एक कार के पास विस्फोट हुआ। सलाहुद्दीन पुलिस




कमांड मीडिया कार्यालय के मोहम्मद अल-बाजी के अनुसार, ये विस्फोट इतना जोरदार था कि कार पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई। यही नहीं, इसमें सवार दो लोगों की मौत हो गई और एक अन्य घायल हो गया। बता दें कि 2017 में इस्लामिक स्टेट (आईएस) को इराक से खदेड़ दिया गया था। इसके बावजूद आईएस के लड़ाके इराक में गुरिल्ला हमले कर रहे हैं। आतंकी शहरी केंद्रों, रेगिस्तानों और बीहड़ क्षेत्रों में घुसपैठ कर उन्हें निशाना बनाते हैं। इसके अलावा वह सुरक्षा बलों और नागरिकों पर भी हमला करते हैं। इससे पहले बीते 19 अगस्त को इराकी सुरक्षा बलों ने दक्षिणी बगदाद से इस्लामिक स्टेट (आईएस) के एक भगोड़े आतंकवादी को गिरफ्तार किया था। बगदाद ऑपरेशन कमांड (बीओसी) ने यह जानकारी दी। समाचार एजेंसी शिन्हुआ ने बीओसी के बयान के हवाले से बताया कि खुफिया सूचना के आधार पर इराकी सेना ने आतंकवादी गतिविधियों पर सावधानीपूर्वक नजर रखी और उसे बगदाद से 40 किलोमीटर दक्षिण में लतीफिया के आसपास के क्षेत्र में घात लगाकर घेर लिया।

## अदन की खाड़ी में मालवाहक जहाज पर हुए हमले की जिम्मेदारी हूती ने ली

**सना, एजेंसी।** अदन की खाड़ी में ग्रोटन नामक मालवाहक जहाज पर हुए हमले की जिम्मेदारी हूती ने ली है। शनिवार को यमन में हूती विद्रोहियों द्वारा संचालित अल-मसीराह टीवी पर हूती प्रवक्ता याहया सारिया ने कहा, हमने फिलिस्तीन और हमास के समर्थन में अदन की खाड़ी में ग्रोटन जहाज पर हमला किया, क्योंकि इस जहाज की मालिकाना हक वाली कंपनी इजरायल के साथ व्यापार कर रही थी। समाचार एजेंसी शिन्हुआ के मुताबिक, उन्होंने कहा, मिलाइलों और ड्रोन्स को इस हमले के लिए इस्तेमाल किया गया।

सारिया ने आगे कहा कि यह दूसरी बार है जब हूती ने किसी जहाज को अगस्त महीने में निशाना बनाया है। पहला हमला 3 अगस्त को किया गया था, और इस बात की चेतावनी जारी की गई थी कि अभी और जहाजों को निशाना बनाया जाएगा। इंग्लैंड के मेरी टाइम ट्रेड ऑपरेशन ने सोशल मीडिया पोस्ट के जरिए कहा है कि उन्हें यमन दक्षिणी बंदरगाह से पूर्व में 130 नॉटिकल मील की दूरी पर अदन की खाड़ी में एक मालवाहक जहाज पर हमले की खबर मिली। इसमें यह कहा गया था कि जहाज के पास दो मिसाइलें दागी गईं और सभी क्रू सदस्य सुरक्षित हैं।

नवंबर 2023 से हूती कथित तौर पर इजरायल संबंधित मालवाहक जहाजों को निशाना बनाता आ रहा है। हूती लाल सागर और अदन की खाड़ी के अहम समुद्री मार्ग पर पोतों को कई बार निशाना बना चुका है। उसका कहना है कि ऐसा वो गाजा में फिलिस्तीनीयों के प्रति एकजुटता दिखाने के लिए कर रहा है। 2014 के अंत से हूतियों ने उत्तरी यमन के अधिकांश भाग पर नियंत्रण कर रखा है, जिससे अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मान्यता प्राप्त सरकार को राजधानी सना से बाहर होना पड़ा है।

# अमेरिका के मिसीसिपी में बस हादसा; 7 लोगों की मौत, 37 अन्य घायल

मिसिसिपी, एजेंसी। अमेरिका के मिसिसिपी में शनिवार सुबह अंतरराज्यीय मार्ग- 20 पर एक बस के पलट जाने से सात लोगों की मौत हो गई, जबकि 37 अन्य घायल हुए हैं। 'मिसीसिपी हाईवे पेट्रोल ने यह जानकारी दी। एक प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, छह यात्रियों की घटनास्थल पर ही मौत हो गई जबकि एक अन्य की अस्पताल में मौत हुई। बस वॉरेन काउंटी में बोविना के पास राजमार्ग से फिसलकर पलट गई।

राष्ट्रीय परिवहन सुरक्षा बोर्ड ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स पर जारी पोस्ट में बताया कि दुर्घटना टायर फटने की वजह से हुई। वॉरेन काउंटी के कोरोनर डग हस्की ने बताया कि मृतकों में छह वर्षीय एक लड़का और उसकी 16 वर्षीय बहन शामिल हैं। दोनों की पहचान उनकी मां ने की। उन्होंने बताया कि अधिकारी अन्य मृतकों की पहचान करने की कोशिश कर रहे हैं। विज्ञप्ति के मुताबिक, 37 यात्रियों को विक्सबर्ग और जैक्सन के अस्पतालों में ले जाया गया।



स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, संपादक देवन प्रसाद द्वारा आर.डी. प्रिंटर एंड पब्लिशर्स प्राइवेट लिमिटेड, ए-24, सेक्टर-8, नोएडा, उत्तर प्रदेश से मुद्रित एवं - बी-126, मायापुरी इंडस्ट्रीयल एरिया, फेस-1, नई दिल्ली-110064 से प्रकाशित। सह संपादकः रंजीत राय फोन नं-011-45795464 (नोटः प्रकाशित सभी लेखों आदि से संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं और किसी भी कानूनी वाद-विवाद का निपटारा दिल्ली उच्च न्यायालय में ही किया जाएगा।) RNI. No. DELHIN/2010/32488, Email: news@pratahkiran.com, मो. 9212228045, 8130691216, 9971557129